वर्ष 23, अंक 253, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज    सोमवार 7 अक्टूबर 2024    विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

### प्रदर्शन करते हुए मंदिर के बाहर बड़ी भीड़ जमा हो गई

## पैगंबर मोहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर फंसे महंत नरसिंहानंद

**गाजियाबाद**
**नरसिंहानंद** ने गाजियाबाद में 29 सितंबर को हिंदी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में पैगंबर मोहम्मद पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। इस दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया।

उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद स्थित डासना देवी मंदिर के मुख्य पुजारी यति नरसिंहानंद ने पैगंबर मोहम्मद पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। देशभर में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जा रही है। इसके अलावा उनके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन भी किए जा रहे हैं। बता दें, नरसिंहानंद ने गाजियाबाद में 29 सितंबर को हिंदी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में पैगंबर मोहम्मद पर कथित तौर पर आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। इस दौरान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद विवाद खड़ा हो गया।

नरसिंहानंद की भड़काऊ टिप्पणी का वीडियो सामने आने के बाद उनके खिलाफ प्रदर्शन करते हुए मंदिर के बाहर बड़ी भीड़ जमा हो गई थी, जिसके बाद परिसर के आसपास सुरक्षा बढ़ा दी गई थी। पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सिटी जोन राजेश कुमार सिंह ने बताया कि कैला भट्टा क्षेत्र में पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों और प्रांतीय सशस्त्र बल (पीएसी) के जवानों को तैनात किया गया है, जहां मुस्लिम आबादी काफी है।

नरसिंहानंद की करीबी सहयोगी और यति नरसिंहानंद सरस्वती फाउंडेशन की महासचिव उदिता त्यागी ने दावा किया कि उन्हें 29 सितंबर को गाजियाबाद के हिंदी भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान पैगंबर मोहम्मद के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में हिरासत में लिया गया है और उनके ठिकाने का पता नहीं है। इस बारे में पूछे जाने पर पुलिस उपायुक्त (ग्रामीण) सुरेन्द्र नाथ तिवारी ने कहा, हम मंदिर की सुरक्षा कर रहे हैं और हमें उनकी हिरासत के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

जम्मू और राजौरी में प्रदर्शन

जम्मू और राजौरी जिलों में शनिवार को सैकड़ों लोगों ने पैगंबर मोहम्मद के बारे में

कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए एक हिंदुत्ववादी महंत के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग को लेकर अलग-अलग विरोध रैलियां निकालीं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि विभिन्न मुस्लिम संगठनों द्वारा आयोजित रैलियां और अन्य समुदायों के सदस्यों द्वारा एकजुटता दिखाते हुए जम्मू और राजौरी जिले के भटिंडी इलाके में शांतिपूर्ण तरीके से रैलियां निकाली गईं।



### नरसिंहानंद की आपत्तिजनक टिप्पणी पर मचा बवाल, मायावती ने की सख्त कार्रवाई की मांग

**लखनऊ। बहुजन** समाज पार्टी (बसपा) प्रमुख मायावती ने पैगंबर मोहम्मद साहब के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर गाजियाबाद जिले के डासना स्थित मंदिर के महंत यति नरसिंहानंद पर निशाना साधते हुए रविवार को कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को संविधान में प्रदत्त धर्मनिरपेक्षता की गारंटी का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में डासना देवी मंदिर के महंत ने इस्लाम के खिलाफ फिर नफरती बयानबाजी की जिससे उस पूरे इलाके में तथा देश के कई हिस्सों में अशांति एवं तनाव की स्थिति पैदा हो गई है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ तो कार्रवाई की लेकिन मूल दोषी भयमुक्त है।

## भारत होगा दुनिया का अगला सेमीकंडक्टर हब: अश्विनी वैष्णव

**बेंगलुरु। केंद्रीय** मंत्री अश्विनी वैष्णव की ओर से कहा गया कि भारत दुनिया का अगला सेमीकंडक्टर हब बनने की तरफ तेजी से बढ़ रहा है, क्योंकि देश में इस सेक्टर में बड़ी संख्या में निवेश किया जा रहा है।

वैष्णव ने न्यूयॉर्क में हाल ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शीर्ष टेक सीईओ के बीच हुई राउंड टेबल बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि इस दौरान तीन शीर्ष एग्जीक्यूटिव्स ने कहा कि ऐसा जोश हमने पिछले 35 से 40 वर्षों में इतिहास में किसी और देश में नहीं देखा है।

केंद्र सरकार की ओर से अब तक 1.52 लाख करोड़ रुपये के निवेश मूल्य के पांच सेमीकंडक्टर प्रस्तावों को मंजूरी दी गई है।



चिप उत्पादन पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि अमेरिकी की माइक्रोन टेक्नोलॉजी 2025 की शुरूआत भारत में चिप का उत्पादन करना शुरू कर देगी। वहीं, सीजी पावर सेमीकंडक्टर सुविधा का कंस्ट्रक्शन चल रहा है और टाटा की ओर से असम में बनाई जा रही एटीएमपी सुविधा में भी काम तेजी से किया जा रहा है और इसका कंस्ट्रक्शन शुरू हो गया है।

### हरियाणा में सरकार निपट गई, हार गई : टिकैत

**लखनऊ। उत्तर** प्रदेश की राजधानी लखनऊ में किसानों और मजदूरों की महापंचायत का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान इको गार्डन पहुंचे। किसानों की मांग को लेकर इस महापंचायत का आयोजन किया गया। इस दौरान उन्होंने हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद जारी एग्जिट पोल पर प्रतिक्रिया जाहिर की। किसान नेता राकेश टिकैत ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद जारी एग्जिट पोल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि हरियाणा में सरकार निपट गई, हार गई। मालूम हो कि एग्जिट पोल में भाजपा बहुमत के आंकड़े से काफी दूर नजर आ रही है ।

### दिल्ली हाईकोर्ट उमर खालिद की जमानत याचिका पर आज सुनवाई

**नई दिल्ली। दिल्ली** उच्च न्यायालय सोमवार को जेएनयू के पूर्व छात्र नेता उमर खालिद की जमानत याचिका पर सुनवाई करेगा। छात्र नेता 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से संबंधित "बड़ी साजिश" मामले में गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) के तहत सितंबर 2020 से सलाखों में बंद है। दिल्ली उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर प्रकाशित वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शलिंदर कौर की पीठ 7 अक्टूबर को मामले की सुनवाई करेगी।

## हिमाचल के ऊना से दिल्ली जा रही वंदे भारत ट्रेन पर पथराव, दो कोचों के शीशे टूट


**ऊना: हिमाचल** प्रदेश के ऊना जिले में अंब से नई दिल्ली जा रही वंदे भारत ट्रेन को निशाना बनाया गया। शनिवार दोपहर को वंदे भारत एक्सप्रेस पर अराजकतत्वों ने पथराव कर दिया। ट्रेन जब गांव बसाल से गुजर रही थी, उसी समय पथराव हो गया। इसके बाद हड़कंप मच गया। पथराव वंदे भारत ट्रेन के चार कोचों ई-1, ई-2, सी-7 व सी-10 को नुकसान पहुंचा है। इन दोनों कोचों के शीशे टूट गए। कंट्रोल की सूचना पर आरपीएफ पनकी में अज्ञात पत्थरबाजों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।



चार डिब्बों पर लगे पत्थर

जानकारी के अनुसार 1:15 बजे के करीब गांव बसाल के पास ट्रेन पर एकाएक पटरी से थोड़ी दूर असमाजिक तत्वों ने पथराव शुरू कर दिया।

## भाजपा के डबल इंजन का मतलब महंगाई और भ्रष्टाचार है: अरविंद



**नई दिल्ली। आम** आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने रविवार को भाजपा पर कटाक्ष किया। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा की 'डबल इंजन सरकार' का नतीजा केवल 'महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार' है। अरविंद केजरीवाल ने 'आप की जनता की अदालत' में एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, "हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में भाजपा के नेतृत्व वाली डबल इंजन सरकार खत्म होने वाली है। डबल इंजन का सिद्धांत पूरे देश में विफल हो गया है। एक इंजन जून में टूट गया था, जब उन्हें सिर्फ 240 सीटें मिलीं थीं। अब दूसरा इंजन हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, महाराष्ट्र और झारखंड में फेल हो जाएगा।" उन्होंने आगे कहा कि लोगों को अब यह एहसास हो गया है कि 'डबल इंजन' मुद्रास्फीति, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार का पर्याय है। अरविंद केजरीवाल ने कहा, "जैसे-जैसे दिल्ली चुनाव नजदीक आएंगे, वे एक बार फिर डबल इंजन वाली सरकार की मांग करेंगे। लेकिन आपको उनसे पूछना चाहिए कि क्या हरियाणा में डबल इंजन वाली सरकार ने कुछ हासिल किया? उन्होंने 10 साल तक शासन किया, फिर भी मैंने अपने अभियान के दौरान देखा कि लोग भाजपा नेताओं को अपने गांवों में प्रवेश तक नहीं करने देना चाहते हैं।" केजरीवाल ने उत्तर प्रदेश में भाजपा के शासन की आलोचना करते हुए कहा, "उत्तर प्रदेश में सात साल से उनकी डबल इंजन वाली सरकार है, फिर भी वे हाल के चुनावों में केवल आधी सीटें ही जीत पाए हैं।"

### आरजी कर मामला: प्रदर्शनकारी डॉक्टरों का आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी

**कोलकाता। कोलकाता** के एस्प्लेनेड में छह जूनियर डॉक्टरों का आमरण अनशन रविवार को दूसरे दिन भी जारी रहा। ये डॉक्टर सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अपनी सहकर्मी के साथ हुए बलात्कार और हत्या के विरोध में आमरण अनशन पर बैठे हैं। आमरण अनशन पर बैठे छह जूनियर डॉक्टरों में तीन महिलाएं और तीन पुरुष हैं। वहीं उनके सहकर्मी अपने-अपने मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में मरीजों की सेवा करने के लिए ड्यूटी पर लौट आए हैं।

## अगला सीएम कौन? हरियाणा के एग्जिट पोल में कांग्रेस की जीत की भविष्यवाणी

**हरियाणा**
**एग्जिट** पोल के अनुसार, कांग्रेस 50 से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल कर हरियाणा में अगली सरकार बनाएगी। ऐसा होते ही राज्य में भाजपा का 10 साल का शासन खत्म हो जाएगा। एग्जिट पोल सामने आने के बाद अब हरियाणा के अगले सीएम को लेकर चर्चा तेज हो गयी है।

हरियाणा के एग्जिट पोल में कांग्रेस की जीत की भविष्यवाणी हो चुकी है। ज्यादातर एग्जिट पोल में कांग्रेस को 50 से ज्यादा सीटें मिलती दिख रही हैं। एग्जिट पोल के अनुसार, कांग्रेस 50 से ज्यादा सीटों पर जीत हासिल कर हरियाणा में अगली सरकार बनाएगी। ऐसा होते ही राज्य में भाजपा का 10 साल का शासन खत्म हो जाएगा। एग्जिट पोल सामने आने के बाद अब हरियाणा के अगले सीएम को लेकर चर्चा तेज हो गयी है। कांग्रेस नेता और हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने एग्जिट पोल पर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा है कि सीएम पर फैसला पार्टी हाईकमान करेगा।

नतीजो से पहले हुड्डा का मतदाताओं को धन्यवाद



हरियाणा के एग्जिट पोल पर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा, 'मैं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए हरियाणा के सभी मतदाताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं।' उन्होंने आगे कहा कि वह पहले से ही कह रहे हैं कि इस बार राज्य में उनकी पार्टी की सरकार बनेगी। हुड्डा ने कहा, 'एग्जिट पोल कल आए लेकिन मैं यह लंबे समय से कह रहा हूं कि लोगों ने कांग्रेस पार्टी को भारी बहुमत से सत्ता में लाने का मन बना लिया है। 2005 से 2014 तक कांग्रेस सत्ता में थी और लोगों ने हमारी उपलब्धियां देखी हैं और जब 2014 से 2024 तक भाजपा-जेजेपी सत्ता में थी, तो लोगों ने देखा कि वे कैसे विफल हुए।'

रोहतकः कांग्रेस नेता और हरियाणा के पूर्व सीएम भूपिंदर हुड्डा ने कहा, "मैं शांतिपूर्ण चुनाव कराने के लिए हरियाणा के सभी मतदाताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं। एग्जिट पोल कल आए लेकिन मैं यह बात काफी समय से कह रहा हूं हरियाणा के अगले सीएम पर हुड्डा ने कहा कि यह फैसला पार्टी हाईकमान को लेना है और वो जो भी फैसला लेंगे नेताओं को स्वीकार होगा। हुड्डा ने कहा, 'यह (सीएम पद) हर किसी का अधिकार है, यह लोकतंत्र है।

## इजरायल: 'उत्तरी गाजा खाली करो'

### IDF की वॉर्निंग! लेबनान पर मौत पर बरसा रहा इजरायल, हिजबुल्लाह का पलटवार

**इजरायल: लेबनान** पर इजरायल के हमले जारी हैं. इजरायली सेना ने बेरूत के दक्षिणी उपनगरों में 30 से अधिक हवाई हमले किए हैं. इन हमलों को लेबनानी मीडिया ने अब तक के सबसे हिंसक हमला बताया है. इजरायल ने कहा कि उसने हिजबुल्लाह के हथियार डिपो को निशाना बनाया है. इजरायली सेना ने रविवार (6 अक्टूबर) की सुबह एक मस्जिद पर एयर स्ट्राइक की. क्ळ्क्र ने दावा किया कि मस्जिद और स्कूल का इस्तेमाल हमास के कमांड और कंट्रोल सेंटर के रूप में किया जा रहा था. इस एयर स्ट्राइक में 24 लोगों की मौत का दावा किया जा रहा है. हिजबुल्लाह ने किया इजरायली सेना पर हमला करने का दावा हिजबुल्लाह ने मनारा में इजरायली सैनिकों पर हमले का दावा किया है. हिजबुल्लाह का कहना है कि उसने रविवार को उत्तरी इजरायल के मनारा में इजरायली सैनिकों पर रॉकेट और मिसाइलों से तीन हमले किए. इससे पहले हिजबुल्लाह ने उन इजरायली सैनिकों पर हमले का भी दावा किया था, जिन्होंने ब्लिडा में खालेट शुएब के माध्यम से लेबनान में घुसपैठ करने की कोशिश की थी. तब हिजबुल्लाह ने कहा था कि इन हमलों ने इजरायली सैनिकों को पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया था. पूरे उत्तरी गाजा में इजरायल का हमला जारी है. इजरायली सेना ने उत्तरी गाजा के बड़े हिस्से को खाली करने को कहा है।



## '8 अक्टूबर को जनता देगी जवाब और ये कहेंगे...' - सैनी



**हरियाणा**
**हरियाणा** में विधानसभा चुनाव संपन्न होने के बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दावा किया है कि 8 अक्टूबर को हम पूर्ण बहुमत से सरकार बना रहे हैं. मेरे पास सभी रिपोर्ट हैं. उन्होंने कहा कि 8 अक्टूबर को जनता देगी जवाब और ये (कांग्रेस) कहेंगे ईवीएम है खराब. 8 तारीख को जनता जवाब देगी और ये आरोप लगाएंगे. ये ईवीएम को दोष देंगे.

सीएम सैनी ने आगे कहा, "कई सीटों पर हमारा मुकाबला था और इससे हम अछूते नहीं हैं. हम तीसरी बार हरियाणा में अपने कामों के बल पर सरकार बनाएंगे. डबल इंजन की सरकार ने हरियाणा के लोगों के हित में काम किए हैं. लोगों के जीवन को सरल और सुगम करने और लोगों को राहत देने का काम हमलोगों ने किया.

नायब सिंह सैनी का कांग्रेस पर हमला

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा, "कांग्रेस ने लोगों को लाइन में खड़ा कर दिया था, जिसने लोगों को प्रताड़ित किया था. गैस सिलेंडर भी चार दिन के अंदर मिलता था. हमारी सरकार ने योजनाबद्द तरीके से आम लोगों तक लाभ पहुंचाया है. उसका एक पॉजिटीव मैसेज हर समाज के अंदर है. हमने हर वर्ग के लिए बिना भेदभाव के काम किया है और उसी के आधार पर मैं कह रहा हूं कि 8 अक्टूबर को बीजेपी पूर्णबहुमत की सरकार बनाएंगी."

चुनाव प्रक्रिया में शामिल सभी को धन्यवाद- सीएम सैनी

उन्होंने कहा, "आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रदेश का सामाजिक तानाबाना और भाईचारा कायम रखते हुए सभी ने एक सहज चुनाव प्रक्रिया में हिस्सा लिया है. इस चुनाव प्रक्रिया में लगे सभी अधिकारियों, कर्मचारियों का विशेष तौर पर मैं धन्यवाद करना चाहूंगा, जिनकी वजह से लोकतंत्र के इस पर्व में हमसब शामिल हुए."

उन्होंने पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों और मीडिया को भी धन्यवाद किया

### पेशवाई और शाही स्नान पर दिया ये बयान

## महाकुंभ 2025 का 'लोगो' सीएम योगी ने किया जारी

**प्रयागराज: प्रयागराज** पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ मेला 2025 के लोगो का अनावरण किया. सीएम योगी ने कहा कि आज लोगों जारी हो गया है. हर प्राईम लोकेशन पर मेला का लोगों डिस्पेले करना है, हमारे पास तैयारी है. सीसीटीवी क्रियाशील दिखना चाहिये, हमारे पास समय है, कार्य व्यवस्थित तौर पर आगे जा रहा है. आपस में बेहतर समन्वय बना कर काम करना है.

सीएम योगी ने कहा, "प्रयागराज महाकुंभ 2025 के लिए 13 अखाड़ों, आचार्यबाड़ा और तीर्थपुरोहितों के साथ हमारी बैठक संपन्न होने के बाद केंद्र और राज्य सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा महाकुंभ के लिए कार्य किस रूप में आगे बढ़ रहे हैं इसके बारे में हमने विस्तृत समीक्षा की. महाकुंभ 2025 की तैयारी युद्धस्तर पर चल रही है. 2019 में प्रयागराज की शुभा पर पूरी दुनिया आकर्षित हुई थी. लगभग 24 करोड़ लोगों ने संगम में स्नान किया था. महाकुंभ की तैयारी में कोई बाधा नहीं है. यहां पर हम सब सुविधाएं देने जा रहे हैं.




सीएम योगी ने कहा कि प्रयागराज 2019 के कुंभ ने एक मानक स्थापित किया था. उससे भी बढ़िया स्तर पर एक भव्य और दिव्य कुंभ को स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित कुंभ के रूप हमें स्थापित करने में सफलता प्राप्त होगी. 2019 में कुंभ की सफलता में आपकी बड़ी भूमिका थी इस बार फिर से अपनी सकारात्मक भूमिका के साथ प्रयागराज को और इस भव्य आयोजन को वैश्विक मंच तक पहुंचाने में आप सबका सकारात्मक योगदान रहेगा.

वहीं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के साधु-संतों के साथ सीएम योगी की बैठक हुई।

### यूपी के 16 शक्तिपीठ स्थलों पर 'शक्ति महोत्सव' कराएगी योगी सरकार

**लखनऊ। उत्तर** प्रदेश सरकार ने राज्य के 16 शक्तिपीठों पर 'शक्ति महोत्सव' का आयोजन करने की घोषणा की है। यह महोत्सव सप्तमी और अष्टमी तिथि को मनाया जाएगा, जिसमें महिला सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को बढ़ावा देने पर जोर दिया जाएगा। मिशन शक्ति-5.0 के तहत इस महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें महिला कलाकारों को प्राथमिकता दी जाएगी। इसके तहत मां के चरणों में श्रद्धा निवेदित करने के लिए विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

# अराजकतत्वों ने गोमती में लगाई आग, लाखों का सामान खाक

अखंड भारत संदेश




**करछना।** औद्योगिक थाना क्षेत्र के गलिवाबाद रामपुर- करछना ओवर ब्रिज के समीप कपठुआ निवासी पंकज द्विवेदी व कैलाश द्विवेदी ने छप्पर में लोहे की गुमटी लगा रखी है। इसमें चाय - नाश्ता, कोल्ड ड्रिंक व किराना का सामान बेचता है। क्षेत्र के कुछ अराजकतत्वों ने गुमटी में शनिवार रात आग लगा दी। आग से गुमटी में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। जब इसकी जानकारी दुकान मालिक को हुई तो घर से दुकान पर पहुंचे वहां पहुंचकर ग्रामीणों कि मदद से आग पर काबू पाया। कपठुआ निवासी दुकानदार पंकज द्विवेदी ने बताया कि वह काफी दिनों से रामपुर करछना ओवर ब्रिज के समीप करछना प्रयागराज मुख्य मार्ग के किनारे गुमटीयुक्त दुकान में गुटखा पान व जनरल स्टोर चलाकर जीवन-यापन करता है। शनिवार को शाम को दुकान बंद कर घर चला गया था। देर रात सूचना मिली अराजकतत्वों ने दुकान में आग लगा दी है। जब तक वह दुकान पर पहुंचता 15 हजार रुपये नकद समेत फ्रीजर व लाखों रुपये के नमकीन, बिस्कुट, गुटखा समेत अन्य सामान राख हो चुका था। है। वहीं पास में रखे कैलाश द्विवेदी के छप्पर युक्त चाय नाश्ता कि दुकान में भी आग लगा दी गई। वहीं दुकान दारों ने बताया कि उनको पिछले कुछ दिनों से कुछ दबंगों द्वारा अपशब्दों के साथ उक्त जगह से दुकान हटाने की धमकी दी जाती थी। जिसकी सूचना कुछ दिन पहले औद्योगिक थाना के अंतर्गत रामपुर चौकी पर दी गई थी।

## बाइक सवार श्रमिक की दुर्घटना में मौत तो एक संदिग्ध अवस्था में हुई मृत्यु

**कोरांव।** कोरांव के बैठकवा में इतवार की शाम सात बजे के करीब शराब पी कर बाइक से जा रहे श्रमिक की बिजली के खंभे में टकरा कर मृत्यु हो गई। लाला आदिवासी मध्य प्रदेश के रायपुर सोनोरी निवासी जो ससुराल बैठक्वा देवघाट में रह कर मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करता था। किंतु शराब का आदी था,बाइक से नशे के कारण अनियंत्रित हो कर बिजली के खंभे से टकरा गया। और मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में ले कर पोमां के लिए भेज दिया। उसी तरह ग्राम जमुआ देवघाट में बिजली के करेंट लगने से तुलसी पुत्र पियारे करीब 55 वर्ष की मौत हो गई। पुलिस ने शव कब्जे में ले कर पोमा के लिए भेज दिया। फिलहाल तुलसी की मैयत पर लोग कुछ तरह तरह की चचाएं कर रहे हैं।

# शिक्षक/प्रबुद्ध वर्ग की सच्ची हितैषी है भाजपा : बाबूलाल तिवारी



**सहसों।** शिक्षक/प्रबुद्ध वर्ग सर्व समाज को नई दिशा दिखाता है। भारतीय जनता पार्टी ही शिक्षक एवं प्रभु वर्ग की सच्ची हिताची है। इसी में ही शिक्षक प्रबुद्धजन एवं सर्व समाज का भविष्य निहित है। उक्त विचार फूलपुर विधानसभा के उपचुनाव को लेकर रविवार को छत्रपति शिवाजी पीजी कॉलेज सहसों में आयोजित शिक्षक/प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि प्रयागराज झांसी क्षेत्र के शिक्षक विधायक बाबूलाल तिवारी ने व्यक्त किया। उन्होंने सम्मेलन में आए हुए शिक्षक, डॉक्टर, अधिवक्ता एवं आदि प्रबुद्धजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आज आवश्कता है कि प्रबुद्ध वर्ग एक होकर भारतीय जनता पार्टी के ऊपर विश्वास भरोसा करते हुए भाजपा के प्रत्याशी को जिताने का काम कर सूबे के मुखिया योगी और देश के मुखिया मोदी के हाथों को मजबूत बनाएं। भाजपा सरकार ही इस वर्ग की असली हितैषी है। सम्मेलन को जिला अध्यक्ष कविता पटेल, अमर नाथ यादव, उमा कांत तिवारी पूर्व जिला अध्यक्ष प्रतापगढ़, आलोक गुप्ता, पवन कुमार शुक्ला आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के शुरूआत में सम्मेलन के मुख्य अतिथि शिक्षक विधायक का जिला अध्यक्ष भाजपा गंगापार एवं आदि के द्वारा माल्यार्पण कर भाव स्वागत किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता बार एसोसिएशन फूलपुर के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता शिवपूजन तिवारी एवं संचालन जिला उपाध्यक्ष भाजपा गंगापार व शिवाजी इंटर कॉलेज के प्रवक्ता अनिरुद्ध सिंह पटेल ने किया। इस मौके पर शिक्षक/प्रबुद्ध वर्ग के संयोजक कुंवर मृगेंद्र सिंह ने आए हुए सभी शिक्षक/प्रबुद्धजनों का आभार प्रकट करते कार्यक्रम का समापन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से नरेंद्र कुशवाहा, संदीप द्विवेदी, पुष्कर पटेल, राजेश सरोज, सुभाष शुक्ला, सूर्य मणि पांडे, राजमणि शुक्ला, उमाशंकर कुशवाहा, शारदा प्रसाद शुक्ला, सुरेंद्र मौर्य, जितेंद्र तिवारी सहित आदि प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

## जनवार में बेहद खास ढंग से सजा मां दुर्गा सच्चा दरबार पंडाल में दर्शन को उमड़ा जन सैलाब




**मेजा।** शारदीय नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा अर्चना के मद्देनजर सम्पूर्ण मेजा क्षेत्र के पंडालों में मां दुर्गा की एक से बढ़कर एक सुंदर तथा भव्य आकर्षक मूतियां रखी गई हैं जो क्षेत्र में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है किंतु कठौली के जनवार बस्ती में सजा मां का सच्चा दरबार बेहद खास है। उल्लेखनीय है कि शारदीय नवरात्रि में नव दिनों तक चलने वाले परंपरागत पर्व को लेकर मां दुर्गा के पूजा पाठ के लिए श्रद्धालु भक्तों द्वारा पूरी तन्मयता के साथ दुर्गा पंडालों को सजाया एवं सावरा गया है। सुबह शाम होने वाली मां की आरती एवं पूजा पाठ से चारों हर तरफ चहल पहल एवं खुशी का माहौल व्याप्त है। गौरतलब है कि मेजा के कठौली जनवार में सजा मां दुर्गा का सच्चा दरबार बेहद भव्य एवं अलौकिक है जिसमें रखी गई मां दुर्गा की मूर्ति की एक झलक देखने और पूजा अर्चना करने आने वाले दूर दराज के लोगों की भारी भीड़ जमा रहती है।इस दौरान सुबह शाम होने वाले मां के जयकारों से पूरा इलाका गुंजायमान रहता है। पंडाल के पुजारी संजय मिश्रा ने बताया कि यहां नौ दिनों तक मां की पूजा अर्चना करने वाले श्रद्धालु भक्तों का तांता लगा रहता है। इस सच्चे दरबार के आयोजक कमेटी टीम के प्रमुख कार्यकर्ता आदर्श , सचिन, मंचल, ओम, हर्ष, सोम, पियूष, आकाश, रवि , रोहित, पार्थ , शुभ, अंशु ,गोविंद ,अनुज तथा कृष्णा आदि का सहयोग बेहद सराहनीय रहा है।

## इतवार को सांसद इलाहाबाद का कोरांव विधान सभा में व्यापक भ्रमण, जनता की सुनी समस्याएं,दिए आश्वासन



**कोरांव।** कुंवर उज्ज्वल रमण सिंह सांसद प्रयागराज ने कोरांव विधान सभा के विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया,और कार्यक्रम को अंजाम दिया। समस्याएं सुनी। सांसद ने.सरदार पटेल मूर्ति बिरसा मुंडा की मूर्ति पर माल्यार्पण, स्व राजाराम पटेल जी पसना के यहां शोक संवेदना,गजनी में जंयती प्रसाद पटेल के घर शोक संवेदना रोहिणी पाल जी भगेसर के आवास पर लोगों से भेंट मानपुर विकास सिंह के विद्यालय पे कार्यक्रम मानपुर पीपी सिंह के आवास पर और ग्राम महुली मे दुर्गा पूजा कार्यक्रम हरिप्रसाद पाल जी के कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उक्त सभी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सांसद ने समारोहों को संबोधित किया। और तथा जनता के साथ ही रही मनमानी,भ्रष्ट्राचार,अपराध आदि मुद्दों पर केंद्र प्रदेश सरकार की खिंचाई की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक रामकृपाल कोल,रामनारायण मौर्य,प्रमोद मिश्र,बबलू शुकला,प्रदीप कोल जिला पंचायत सदस्य, सासद पी आर ओ विनय कुशवाहा,योगेंद्र सिंह,अंशु सिंह, पी पी सिंह,बनवारी पाल,देवेंद्र सिंह पटेल,रोहित शुक्ला,विकास सिंह,आदि इलाकाई गठबंधन के कार्यकर्ता,पदाधिकारी आम जन विभिन्न राजनैतिक सामाजिक ग्रुप के लोग मौजूद रहे।

## विक्रम को भाकियू के प्रदेश महासचिव का दायित्व सौंपा



**मांडा।** भारतीय किसान यूनियन सदैव किसानो सहित आम जनमानस की समस्याओं को लेकर सुर्खियों मे रहा है। इससे इस संगठन के प्रति लोगो का लगाव बेहद करीब रहता है। भाकियू द्वारा जगह- जगह क्षेत्रों मे बैठक कर युवाओं को नई जिम्मेदारी देकर संगठन की मजबूती पर जोर दिया जा रहा है। बतादे की भाकियू ने मांडा मे इस बार एक ऐसे चेहरे को जिम्मेदारी सौपी है,जो संगठन की मजबूती के साथ आम जनमानस के प्रति पूर्व से ही गंभीर है। यह चेहरा किसी और का नही बल्कि एक वरिष्ठ समाजसेवी,पूर्व छात्र संघ पदाधिकारी के रूप मे विख्यात विक्रम सिंह का है। ये वही विक्रम सिंह हैं,जिन्होंने एक फाउंडेसन से जुड़कर लाखों गरीबों की मदद किया है। वहीं भाकियू की एक संगठनात्मक बैठक रविवार दोपहर स्वामी विवेकानंद विद्यालय मे आहूत की गई। इसमें प्रदेश अध्यक्ष राजीव चंदेल ने विक्रम को प्रदेश महासचिव का दायित्व सौपा। उक्त जिम्मेदारी को लेकर संगठन के पदाधिकारियो के अलावा शुभ चिंतकों ने बधाई दिया है। और कहा कि संगठन की मजबूती पर जोर दिया जायेगा। पुरी लग्नशीलता एवं निष्ठा से कार्य करुँगा। इस मौके पर नितिन दुबे,मोनू ठाकुर,अर्जुन सिंह, पवन सिंह,विजय सिंह साहित तमाम युवा साथी उपस्थित रहे। विक्रम को तमाम राजनितिक लोगो ने भी फोन पर बधाई दिया है।

## भाजपा जंघई मंडल द्वारा सदस्यता अभियान चलाया गया

**जंघई।** विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी द्वारा राष्ट्रीय सदस्यता महा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके क्रम में जंघई मंडल के पदाधिकारियों ने प्रतापपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी इंजीनियर घनश्याम पांडेय के संयोजन एवं मंडल अध्यक्ष जंघई संदीप गुप्ता की अध्यक्षता में सदस्यता महा अभियान रविवार को जंघई, चौका, चनेथू, पिलखिनी गांव में चलाया गया। उपस्थित लोगों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों एवं कार्यक्रमों को बताते हुए अधिक से अधिक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाया गया। इस अवसर पर सूर्यमणि शुक्ल, अरुण प्रकाश शुक्ल, संगम लाल शुक्ल, मालिक शुक्ल, कपिल देव शुक्ल, मंडल मंत्री मनोज दुबे, मंडल महामंत्री बाबा शर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक मनीष जायसवाल, बूथ अध्यक्ष गुलाब गुप्ता, पूर्व प्रधान जंघई धर्मेंद्र जायसवाल कल्लू, छेदीलाल जायसवाल, नागेंद्र प्रताप सिंह, शक्ति केंद्र संयोजक माता शंकर शुक्ला, प्रद्युम शुक्ला, रमेश तिवारी, राजेश जायसवाल, बंटी जायसवाल, विक्की जायसवाल, करन मिश्र, नीरज मिश्र, प्रधान चौका हरिश्चंद्र मिश्र, करन मिश्र, मनोज मिश्र, धीरज पांडेय सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मेजरोड में गलत तरीके बना वाहन स्टैंड हो चौराहा से दूर : पप्पू उपाध्याय

**मेजा।** मेजारोड गोल चौराहा डग्गामार वाहनों का स्टैंड बन गया है ऐसे में लोगों को आने जाने में जहां भारी परेशानियां हो रही हैं वहीं आए दिन सड़क हादसे का शिकार हो रहे हैं। गोल चौराहे के समीप गलत तरीके से बना वाहन स्टैंड बंद कराया जाय क्योंकि वाहनों का जमावड़ा ही सड़क दुर्घटना का कारण है। उक्त बातें मेजारोड व्यापार मंडल के अध्यक्ष पप्पू उपाध्याय ने एक प्रेसवार्ता के दौरान कही। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज-मिजार्पुर मुख्य मार्ग पर स्थित मेजारोड गोल चौराहा से सिरसा मार्ग, कोराव मार्ग तथा मिजार्पुर मार्ग पर गलत तरीके से बने वाहन स्टैंड और आए दिन हो रहे सड़क हादसों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि ऑटो ड्राइवरों की मनमानी और वाहनों को गलत तरीके से खड़ा करके प्रायःजाम लगवा रहे हैं जिससे आने जाने वाले राहगीरों को जहां भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है वहीं लोग सड़क आए दिन सड़क हादसों का शिकार भी हो रहे हैं। श्री उपाध्याय ने आगे कहा कि गलत तरीके से चौराहे पर आड़े तिरछे खड़े वाहनों से स्थानीय व्यापारी भी बेहद परेशान हैं। दुकानों के सामने खड़े वाहनों के चलते ग्राहकों का दुकान पर खरीदारी के लिए जाना काफी दुर्लभ हो जाता है। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने यह भी कहा कि कभी कभी इन वाहन चालकों को वाहन हटाने के लिए दुकानदार बोलते हैं तो वाहन चालक और उसके

गोल चौराहे पर आड़े तिरछे खड़े वाहनों का जमावड़ा ही है सड़क दुर्घटना का मुख्य कारण




स्वामी मारपीट पर उतारू हो जाते हैं। इतना ही नहीं व्यापार मंडल अध्यक्ष ने यह भी कहा कि व्यापारियों और दुकानदारों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उनकी रक्षा सुरक्षा की जिम्मेदारी ही हमारी प्राथमिकता है। गौरतलब है कि मेजारोड में वाहन स्टैंड की बदहाल व्यवस्था को देखते हुए उन्होंने स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि गलत तरीके से बने वाहन स्टैंड को मेजारोड गोल चौराहे से हटाकर दूर नहीं किया गया तो सम्पूर्ण व्यापारी लामबंद होकर प्रदर्शन करने को बाध्य हो जायेंगे।

## दो अलग अलग गांवों में मार पीट आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा इलाके के ।दो अलग अलग गांवों में मार पीट के दौरान कई चोटें आयी है। पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम मूल्हापुर निवासनीय मीना देवी पत्नी राब बाबू का आरोप है कि रास्ते के विवाद को लेकर पडोसी उसके घर में घुस कर मारे पीटे जान से मारने की धमकी देते हुए तोड फोड किए।मीना देवी ने मऊआइमा थाने में संजय कुमार, परषोत्तम, गीता देवी, संजीव कुमार, अरूण कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।उधर ग्राम किरांव निवासी हरिगेंद सिंह पुत्र गुलाब सिंह का आरोप है कि अनायास उसे रास्ते में रोक कर मारा पीटा गया और जान से मारने की धमकी दी गई।हरिगेंद सिंह ने मऊआइमा थाने में प्रकीण सिंह तथा दो अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

## उमरपुर बदल का पूरा रामलीला कमेटी की हुई बैठक, मंचन 21 अक्टूबर से

**सहसों।** आदर्श नवीन रामलीला कमेटी उमरपुर बदल का पूरा बेलवा की बैठक आयोजित कर कमेटी द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि नवीन रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला का मंचन 21 अक्टूबर से प्रारंभ होगा एवं 30 अक्टूबर को दशहरा मेला के आयोजन से संपन्न होगा। जिसमें मंचन हेतु सुंदर पत्रों द्वारा आकर्षक अभिनय तथा आदि विषयों पर चर्चा किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से कमेटी के अध्यक्ष पवन कुमार पांडे, प्रबंधक महेंद्र कुमार पांडे, उपाध्यक्ष सुजीत कुमार पांडे एवं अशर्फी लाल जायसवाल, ओम प्रकाश प्रजापति, आदर्श तिवारी, अखिलेश जायसवाल, गुलशन कुमार प्रजापति, रामबाबू यादव, डॉ रमेश चंद्र विश्वकर्मा, आलोक पांडे, प्रवीण विश्वकर्मा, विवेक पाल, प्रवीण कुमार जायसवाल, आकाश कुमार, किशन पांडे, कुशल पांडे एवं शिव नारायण विश्वकर्मा सहित आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# नारद मोह की लीला देख दर्शक हुए भाव विभोर, लगा जयकारा



**सहसों।** आदर्श रामलीला कमेटी मीरापुर, भोपतपुर का संयुक्त रूप से रामलीला प्रांगण में नारद मोह की लीला का मंचन किया गया। जिसे देख उपस्थित भक्त दर्शक आनंदित होते भाव विभोर हो उठे। लीला मंचन के पहले दिन नारद मोह की लीला का मंचन देखने के लिए दर्शकों की भीड़ जुट गई। लीला मंचन में देवर्षि नारद के द्वारा घोर तपस्या करने पर इंद्र ने कामदेव को भेज कर नारद की तपस्या भंग करने का प्रयास किया परंतु असफल रहा। कामदेव पर विजय प्राप्त होने के पश्चात नारद को अभिमान हो गया। देवर्षि नारद को विश्व मोहिनी नाम की कन्या से मोह हो जाता है वह उस कन्या से विवाह करने की ठान लेते हैं। जिसे देख भगवान विष्णु ने माया रचकर नारद मुनि के अंदर का मोह एवं अहंकार को तोड़कर भगवान नारायण शीलनिधि दरबार में विश्व मोहिनी से विवाह कर लेते हैं। जिससे तिलमिलाए देवर्षि नारद गुस्से में आकर भगवान विष्णु को श्राप देते हैं कि यही बंदर और भालू ही भविष्य में आगे चलकर त्रेतायुग में आपकी मदद करेंगे। सुंदर मंचन देख उपस्थित दर्शकों के भगवान के जयकारे से पूरा प्रांगण गूंज उठा। मंचन कर रहे सुंदर कलाकारों में राकेश शर्मा, आकाश शर्मा, अमन शर्मा, रमेश शर्मा, राम दयाल, ओम प्रकाश श्रीवास्तव, राजेश प्रजापति, लकी सोनी, धीरज शर्मा, महेंद्र श्रीवास्तव आदि ने सुंदर अभिनय किया। इस अवसर पर संचालक एवं डायरेक्टर लालजी प्रजापति, अनिल सिंह, भोला सोनी, सतीश, शिव कुमार सोनी, रामकुमार उर्फ पुट्टी लाल सोनी, बेलाल बीडीसी, कृष्ण राज सिंह, ज्ञान सिंह, महेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।

# राजा दशरथ के घर जन्मे रघुराई अयोध्या में बाजे बधाई



**करछना।** श्रीराम रामलीला समिति भडेव्रा के कलाकारों की ओर से शुक्लगंज में खेली जा रही रामलीला के मंचन को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुट रही है। लोग कलाकारों की कला का प्रदर्शन देख मंत्र मुग्ध हो रहे हैं। शनिवार को राम जन्म नामक रामलीला के मंचन में अयोध्या के चक्रवर्ती नरेश राजा दशरथ अपनी अवस्था देख संतानहीनता के प्रति चिंतित हुए। और चिंता के निवारण हेतु पूज्य कुलगुरु वशिष्ठ महाराज के घर गए। उन्होंने राजन को चिंतित देख पुत्रेष्टि यज्ञ कराए जाने की सलाह दी। श्रृंगी ऋषि की मौजूदगी में पुत्रेष्टि यज्ञ वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि- विधान से हुआ। वही हवनोपश्चात अग्नि देवी प्रकट हुई। और हवि प्रदान किया। गुरुओं की ओर से इस हवि को कौशल्या, कैकेयी व सुमित्रा तीनों रानियां में बांटकर खिलाए जाने की बात कही गई। राजा ने वैसा ही किया। उसके पश्चात तीनों रानियां से चार पुत्रों की प्राप्ति हुई। अयोध्या में खुशियां छा गई।राजा दशरथ के घर जन्मे रघुराई, अयोध्या में बाजे बधाई। सोहर सहित आदि गीतों की प्रस्तुतियां हुई। वही महाराज दशरथ की ओर से खजाना खोल दिया गया। गुरु वशिष्ठ बुलाए गए। उनकी ओर से चारों पुत्रों का जिसमें कौशल्या के राम, कैकई के भरत, सुमित्रा रानी के लक्ष्मण व शत्रुघ्न नामकरण किया गया। इस मौके पर रामलीला समिति के अध्यक्ष राम बहादुर ओझा , प्रबंधक प्रभंजन शर्मा , डायरेक्टर राम मनोहर लोहिया , अवध नारायण शुक्ल, कौशलेश शर्मा ,राजमणि विश्वकर्मा , उच्च न्यायालय अधिवक्ता पंकज शुक्ल, भूपेंद्र कुमार शर्मा, विमल शर्मा, श्रीकांत पांडेय, प्रवीण ओझा, राहुल विश्वकर्मा, सुशील कुमार शर्मा , अधिवक्ता सुशील कुमार ओझा के सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## उप संचालक चकबंदी एडीएम नागरिक आपूर्ति ने किया स्थलीय जांच

**कोरांव।** इतवार को अपर जिलाधिकारी खाद्य एवाम नागरिक आपूर्ति उप संचालक चकबंदी प्रयागराज राजेश सिंह ने महुली तहसील कोरांव में भूमि विवादों का जायजा लिया। ग्राम सभा महुली में चक बंदी अफसरों ने रिश्वत ले कर हिस्से बांट में चकबंदी प्राविधानों के विरुद्ध चक इधर उधर कर किसी को उचित तो किसी को अनुचित ढंग से चक बना दिए जाने की शिकायत की है और न्यामानुसार मुकद्दमा भी दाखिल किया है। जिसकी स्थलीय जांच चकबंदी अधिकारी कोरांव और तहसील के कानूनगो लेखपाल आदि के साथ किया। राजेश सिंह ने प्रेस प्रतिनिधि को बताया कि विवादित भू खंड का स्थलीय जांच की गई। उन्होंने बताया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। जब यह बताया गया कि जिन गांवों में चकबंदी हुई है वहां वहां काफी भूमि के विवाद बढ़े हैं जिससे चकबंदी विभाग बदनाम हो गया है। इस पर सीओ चुप हो गए। मौके पर ग्राम प्रधान महुली सहित पीड़ित प्रभावित लोग सभी थे।

# न्यूज झरोखा

## सार्वजनिक रामलीला में दशरथ से कैकई का श्रीराम वन गमन का किया गया मंचन



**नैनी।** नैनी सार्वजनिक रामलीला ट्रस्ट स्वदेशी काटन मिल में चल रहा रामलीला का चतुर्थ दिन रविवार को कैकई मंथरा प्रकरण, दशरथ से कैकई का वर मांगना, श्रीराम वन गमन का मंचन किया गया। जिसको देखकर वहां पर रहे लोगो ने अपने जगह से उठकर श्रीराम को हाथ जोड़कर प्रणाम किया। मुख्य अतिथि डाक्टर आर के तिवारी, पप्पू मिश्रा सुरेश वर्मा, राजन शुक्ला, शशी शर्मा लालू भाई, पंकज मिश्रा, प्रमोद पांडे रहे। रामलीला समिति के अध्यक्ष व पार्षद राकेश जायसवाल, डायरेक्टर प्रिया मिश्रा, जूही जायसवाल, शालू चड्ढा, रुचि तिवारी, आकांक्षा जायसवाल, प्रमोद सिंह, योगेश सिंह, अजय यादव, दिलीप जायसवाल, आलोक सिंह, धनंजय सिंह, बृजेश सिंह, सुरेश पटेल, संदीप द्विवेदी, ऋषि कुमार पाण्डेय, आनंद शर्मा, रवीन्द्र त्रिपाठी, राजीव वर्मा, जय कृष्ण तिवारीशिव तिवारी, रजत दूबे, विनोद यादव, मोनू शर्मा, समर सिंह राजा सिंह, रितेश शुक्ला, सचिन वैश्य, दिनेश केसरवानी, पिंटू जैन, धर्मराज पटेल आदि लोग उपस्थित रहे।

## मेजा के सोरांव की रामलीला में श्रीराम जन्म,मुनि आगमन व ताड़का बध का हुआ भव्य मंचन



**मेजा।** मेजा के सोरांव गांव में आयोजित रामलीला में रविवार को राम जन्म,मुनि आगमन तथा ताड़का बध भव्य मंचन किया गया। जिसका उपस्थित दर्शकों ने भरपूर रसपान किया। उल्लेखनीय है की रविवार रात साढ़े आठ बजे से रामलीला मैदान सोरांव में श्रीराम जन्म व मुनि आगमन तथा ताड़का बध रामलीला का रोचक एवं भावपूर्ण मनोहारी मंचन किया गया। इस दौरान सम्पूर्ण रामलीला मैदान दर्शकों से खचाखच भरा रहा। रामलीला कमेटी के अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने सोमवार की रामलीला देखने के लिए क्षेत्र के लोगों से अधिक से अधिक संख्या पहुंचने और रामलीला के मंचन का आनंद लेने की अपील किया है। इस रामलीला कमेटी के पदाधिकारी प्रभाशंकर ओझा,श्यामू शुक्ला,बबन दुबे,अवधेश दुबे,पियूष मिश्रा,सोनू दुबे,प्रदुम्न दुबे,आदर्श द्विवेदी,मोहन दुबे,अनुज दुबे,लकी दुबे,आकाश परसिया तथा शशांक द्विवेदी आदि का सराहनीय सहयोग रहा है।

## ब्लॉक प्रमुख ने किया मार्ग का उद्घाटन



**कोरांव** विकास खण्ड कोरांव के ग्राम पंचायत कुकुरहटा वितनीपुर में अपने क्षेत्र पंचायत से बनी इंटरलॉकिंग रोड का उद्घाटन किया ब्लॉक प्रमुख कोरांव मुकेश कुमार कोल ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य, पिंटू चौबे,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बाबा सिंह,अभिनव सिंह,बृजेश तिवारी,मनोज सिंह,एवं समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## चनेथू शुक्लान चौरा देवी धाम मंदिर पर भक्तों द्वारा पूजन, अर्चन, आरती

**जंघई।** जय माँ चौरा देवी धाम समिति चनेथू शुक्लान चौरा देवी मंदिर परिसर में प्रतिदिन सुबह शाम भक्तों द्वारा पूजन, अर्चन, आरती, देवी गीत पचरा प्रस्तुत किया जा रहा है। मंदिर को फूल माला एवं झालरों से सजाया गया है भक्तिभाव से भक्तगण प्रतिदिन सुबह शाम पूजन-अर्चन आरती भजन कीर्तन करते हैं जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। पूजन अर्चन में हीरामनी शुक्ला, बाबूलनाथ शुक्ला, ललित मोहन शुक्ला, रमाशंकर शुक्ला, कृष्ण मोहन शुक्ला, सुरेश शुक्ला, मास्टर शुक्ला, राजेंद्र शुक्ला आपरेटर, देवेंद्र शुक्ला, दिनेश शुक्ला शास्त्री, मुकेश शुक्ला, हरिश्चंद्र शुक्ला, रिंकू शुक्ला, लल्लू ओझा, राज शुक्ला, प्रद्युम शुक्ला, अच्छेलाल शुक्ला, अंकित प्रजापति, स्वयं प्रजापति, शिवा प्रजापति, अंकेश प्रजापति, वेद शुक्ला, गोपाल शुक्ला, ओम ओझा, रिशू शुक्ला सहित तमाम भक्तगण पूजन अर्चन आरती भजन कीर्तन में मौजूद रहे।

## मानस रामलीला में राम जानकी विवाह और राज्याभिषेक का मंचन हुआ

**नैनी।** नैनी रविवार को मानस रामलीला समिति अभिमन्यु शाखा मैदान में आदर्श रामलीला कला मन्दिर के कुशल कलाकारों द्वारा श्री राम जानकी विवाह और श्री राम राज्याभिषेक का मंचन किया गया। मंच पर भगवान् श्री राम जी की आरती मे मुख्य अतिथि प्रयागराज के सांसद उज्जवल रमन सिंह ने किया। रामलीला प्रांगण मे उपस्थित रामभक्तों से सांसद ने भगवान् श्री राम के द्वारा किये गए कार्यो को अपने जीवन में सीख लेने की अपील की। मंचन कार्यक्रम के दौरान कई बार कलाकारों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में उपस्थित सांसद प्रतिनिधि विनय कुशवाहा, संरक्षकगण रणजीत सिंह, सुशील शुक्ला, राकेश श्रीवास्तव, शिवशंकर दीक्षित, सुभाष केसरवानी, पीर मो अजहर, संयोजक वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव, अध्यक्ष धीरेंद्र यादव धीरू, महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा, मंत्री राजकुमार कुशवाह, कोषाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, उपाध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, राज सिंह, कार्यवाहक अध्यक्ष संजय जसवाल, मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव, नंदू भाई आजाद, सुनील कुशवाहा आदि दर्शकगण शामिल रहे।

# स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित होगा महाकुंभ 2025-मुख्यमंत्री

- महाकुंभ में अविरल और निर्मल होंगी गंगा-यमुना, बिजनौर से बलिया तक जीरो डिस्चार्ज-मुख्यमंत्री
- महाकुंभ से जुड़ी तैयारियों के लिए मुख्यमंत्री की डेडलाइन, 10 दिसंबर तक पूरे हो जाएं सारे काम
- स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा का मानक होगा महाकुंभ 2025-मुख्यमंत्री
- मुख्यमंत्री का निर्देश, विशेष स्नान पर्वों पर कोई वीआईपी मूवमेंट नहीं-मुख्यमंत्री
- एयरपोर्ट से मेला क्षेत्र तक बनेगा वीवीआइपी कॉरिडोर





अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को महाकुंभ-2025 की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक की। सीएम ने महाकुंभ के प्रतीक चिह्न, वेबसाइट और मोबाइल ऐप का लोकार्पण भी किया। इस दौरान उन्होंने साधु-संतों के भी सुझावों को सुना और अफसरों को निर्देश दिया। सीएम ने महाकुंभ से जुड़ी तैयारियों के लिए डेडलाइन तय करते हुए निर्देश दिया कि 10 दिसंबर तक सारे काम पूरे कर लिए जाएं।4000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में होगा विस्तारह्णमुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों से कहा कि वर्ष 2019 में कुंभ का सफल आयोजन कर यूपी ने मानक स्थापित किया है, इसलिए इस बार लोगों की अपेक्षाएं हमसे और अधिक है। 2019 में मेला क्षेत्र 3200 हेक्टेयर में फैला था। इस बार 4000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में इसका विस्तार होगा।

स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा का मानक होगा महाकुंभ-2025 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ से जुड़ी तैयारियों के लिए डेडलाइन तय करते हुए निर्देश दिया कि 10 दिसंबर तक सारे काम पूरे कर लिए जाएं। उन्होंने कहा कि महाकुंभ विश्व को सनातन भारतीय संस्कृति से साक्षात्कार कराने का सुअवसर है। यह स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधा का मानक भी होगा। सीएम योगी ने निर्देश दिया कि महाकुंभ को देखते हुए 7000 से अधिक बसें लगाई जाएंगी। यहां डेढ़ लाख से अधिक शौचालय स्थापित किए जाएंगे। स्वच्छता पर जोर देते हुए सीएम ने निर्देश दिया कि 10 हजार कर्मचारियों की तैनाती कर यहां की सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखा जाए।

ह्णदिसंबर के पहले सप्ताह तक तैयार कर लें स्टील ब्रिजह्णसीएम योगी ने कहा कि महाकुंभ में गंगा-यमुना अविरल और निर्मल होंगी। बिजनौर से बलिया तक जीरो डिस्चार्ज होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्टील ब्रिज दिसंबर के पहले सप्ताह तक तैयार कर लें। यह कानपुर, लखनऊ, बाराबंकी और अयोध्या से प्रयागराज तक के आगमन को सुलभ बनाएगा।

**मेला क्षेत्र में तीन पुलिस लाइन, तीन महिला थाना व 10 पुलिस चौकी होगी स्थापित :**

मुख्यमंत्री जी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि एयरपोर्ट से मेला क्षेत्र तक वीवीआईपी कॉरिडोर बनाएं, लेकिन विशेष स्नान पर्वों पर कोई वीआईपी मूवमेंट न हो। सुरक्षा के दृष्टिगत मेला क्षेत्र में तीन पुलिस लाइन, तीन महिला थाना और 10 पुलिस चौकी स्थापित करें। सीएम ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर श्रद्धालु की आस्था का सम्मान करते हुए हर किसी से अच्छा व्यवहार रखें। कल्पवासी हों या स्नानार्थी, श्रद्धालु हों या पर्यटक, सबकी सुरक्षा-सुविधा का ध्यान रखा जाए। पुलिस का व्यवहार भी सहयोगात्मक रहना चाहिए। सुरक्षा के दृष्टिगत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का क्राउड मैनेजमेंट, फायर सर्विस, हेल्प डेस्क, पार्किंग, सीसीटीवी पर जोर रहा। उन्होंने कहा कि यहां एंटी ड्रोन सिस्टम भी लगेगा। सिक्योरिटी मॉडल एआई टूल से तैयार किए जाएं।बैठक में प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, एके शर्मा, नंदगोपाल गुप्ता नंदी, राकेश सचान, जयवीर सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ0 वी0के0 सिंह, महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी, सांसद फूलपुर श्री प्रवीण पटेल, विधायक सिद्धार्थ नाथ सिंह, हर्षवर्धन वाजपेयी, पियूष रंजन निषाद, डॉ वाचस्पति, गुरु प्रसाद मौर्य, विधान परिषद सदस्य केपी श्रीवास्तव, मुख्य सचिव मनोज सिंह समेत स्थानीय जनप्रतिनिधि, आलाधिकारी, कुंभ मेला प्रशासन आदि मौजूद रहे।

## सीएम ने महाकुंभ का लोगो किया लांच, गंगा, यमुना और सरस्वती तीनों नदियों को मिली जगह, शंखनाद करते दिख रहे साधु




**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रयागराज में महाकुंभ-25 के लिए प्रतीक चिह्न (लोगो) लांच किया। महाकुंभ-25 का यह लोगो धार्मिक और आर्थिक समृद्धता के संदेश का एक प्रेरणादायक स्रोत है, जिसमें समुद्र मंथन में निकले अमृत कलश को महाकुंभ के लोगो में दशार्या गया है।मंदिर, द्रष्टा, कलश और अक्षयवट के साथ ही हनुमान जी की छवि से युक्त महाकुंभ का यह लोगो सनातन सभ्यता में शामिल प्रकृति और मानवता के संगम के साथ ही आत्म जागृति और जनकल्याण के अनंत प्रवाह का भी प्रतीक है।यूनेस्को की ह्यमानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासतह्न की सूची में शामिल कुंभ मेला तीर्थयात्रियों की दुनिया की सबसे बड़े शांतिपूर्ण आयोजन के रूप में माना जाता है। महाकुंभ का ध्येय वाक्य ह्यसर्वसिद्धिप्रदः कुंभ (सभी प्रकार की सिद्धि प्रदान करने वाला कुंभ) है। दुनिया के सबसे बड़े मेलों में शुमार महाकुंभ के लोगो को बहुमुखी बनाने का सफल प्रयास किया गया है। महाकुंभ में देश भर से सभी संप्रदायों के साधु-संत बड़ी संख्या में शामिल होते हैं, जिन्हें लोगो में एक साधु द्वारा महाकुंभ के लिए शंखनाद करते दिखाया गया है। वहीं दो साधुओं को प्रणाम की मुद्रा में दशार्या गया है। लोगो में संगम को मिला विशेष स्थान इसके अलावा संगमनगरी के किनारे स्थित सभी धर्मिक स्थलों और सनातन परंपरा से संबंधित सभी परंपराएं शामिल की गई हैं। लोगो में शामिल अमृत कलश के मुख को भगवान विष्णु, गर्दन को रूद्र, आधार को ब्रह्मा, बीच के भाग को समस्त देवियों और अंदर के जल को संपूर्ण सागर का प्रतीक माना जाता है। प्रयागराज के सबसे धार्मिक महत्व वाले स्थल यानी तीनों नदियों (गंगा, यमुना और सरस्वती) की त्रिवेणी 'संगम' को भी महाकुम्भ के लोगो में जगह दी गई है। इसमें 'संगम' की जीवंत सैटेलाइट छवि स्पष्ट रूप से नजर आएगी। ये नदियां जीवन रूपी जल के अनंत प्रवाह को दशार्ती हैं।



### बड़े हनुमानजी के दरबार में पहुंचे योगी


**प्रयागराज।** प्रयागराज में महाकुंभ की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्री बड़े हनुमानजी के दरबार में पहुंचकर दर्शन पूजन किया। मंदिर पहुंचने पर महंत बलवीर गिरि ने योगी का स्वागत किया। इसके बाद सीएम योगी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पवन पुत्र हनुमानजी की पूजा अर्चना करने के बाद आरती उतारी। सीएम योगी ने मां गंगा का पूजन किया। दौरान सतुआ बाबा समेत तमाम साधु संत और तीर्थ पुरोहित मौजूद रहे।

## वैदिक मन्त्रोच्चार के साथ संगम में मुख्यमंत्री ने किया आरती एवं पूजन

- महाकुंभ के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों का मुख्यमंत्री ने किया निरीक्षण







**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों में से कई कार्यों का निरीक्षण मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी के द्वारा किया गया। माननीय मुख्य मंत्री जी ने सर्वप्रथम संगम नोज पहुंच कर पूरे वैदिक मन्त्रोच्चार के साथ संगम पूजन किया एवं आगामी महाकुंभ को सफल बनाने के दृष्टिगत मां त्रिवेणी से प्रार्थना की। तत्पश्चात स्मार्ट सिटी परियोजना से वित्त पोषित एवं सेना के अधिकारियों की देखरेख में कराए जा रहे अक्षयवट कॉरिडोर के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अक्षयवट कॉरिडोर के मुख्य द्वार पर हो रहे कार्यों को देखा तथा शेष कार्य कब तक पूर्ण हो जाएंगे व अन्य सम्बधित जानकारी प्राप्त की , जिस पर संबंधित अधिकारी द्वारा के द्वारा बताया गया कि सभी कार्य 31 अक्टूबर तक पूर्ण करा दिए जाएंगे। उन्होंने लेटे हनुमान जी मंदिर में निमार्णाधीन कॉरिडोर के कार्यों का भी निरीक्षण किया तथा शेष कार्य कब तक पूर्ण हो जाएंगे इससे संबंधित जानकारी ली। संबंधित अधिकारी द्वारा अवगत करवाया गया कि बारिश एवं बाढ़ की वजह से कुछ कार्य विलंब से प्रारम्भ हुए थे परंतु सभी कार्यों को समय अंतर्गत पूरी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करा लिया जाएगा। माननीय मुख्यमंत्री जी ने लेटे हनुमान जी मंदिर में जाकर आरती एवं पूजन किया।महर्षि भारद्वाज मुनि आश्रम प्रांगण की भव्यता को बढ़ाये जाने के दृष्टिगत बनाये जा रहे भारद्वाज आश्रम कॉरिडोर में कराए जा रहे निर्माण कार्यों का माननीय मुख्य मंत्री जी ने स्थलीय निरीक्षण करते हुए पर्ट चार्ट के सापेक्ष अभी कितना कार्य शेष है इससे सम्बंधित जानकारी ली जिसपर संबंधित अधिकारी द्वारा कार्यों की प्रगति के बारे में अवगत कराने पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने सभी शेष कार्यों को अतिरिक्त मैन पॉवर बढ़ाते हुए गुणवत्ता को सुनिश्चित करते हुए कॉरिडोर के कार्य को अतिशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।इसी क्रम में उन्होंने आईईआरटी रेलवे फ्लाई ओवर के निमार्णाधीन कार्यों का भी निरीक्षण किया एवं निर्माण के उपरांत यह फ्लाइओवर कुंभ एवं जनपद की ट्रैफिक समस्याओं के निस्तारण में किस प्रकार सहायक होगा उससे संबंधित जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियो को विशेष कर आगामी त्योहारों के दृष्टिगत श्रमिकों की कमी न होने पाए यह सुनिश्चित करने को कहा।माननीय मुख्यमंत्री जी ने शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती जी से उनके अलोपी बाग स्थित आश्रम मे जाकर भेंट की तथा उनसे कुंभ से दृष्टिगत विभिन्न आयामों पर चर्चा की।

# विकास की रफ्तार को और बढाएंगे : महापौर

### झूँसी के मलावा खुर्द, अमरसापुर एवं अंदावा तीन वार्ड में 5 करोड़ 32 लाख की लागत से महापौर ने कई विकास कार्यों का लोकार्पण/ शिलान्यास किया

अखंड भारत संदेश




**झूंसी।** महापौर उमेश चंद्र गणेश केसरवानी ने नगर निगम क्षेत्र झूँसी के वार्ड नंबर 25 मलावा खुर्द में दो करोड़ रू, वार्ड नंबर 11अमरसापुर में 1 करोड़ 40 लाख, वार्ड नंबर 19 अंदावा में 1 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से विभिन्न कार्यों का लोकार्पण व शिलान्यास कर विस्तारिक क्षेत्र की जनता को समर्पित किया।

इस दौरान महापौर ने कहा ये जो बड़े-बड़े काम हो रहे है वह आपके आर्शीवाद से हो रहा है, नगर निगम के इतिहास में यह बड़े-बड़े काम एक ही वार्ड में मैंने अपने राजनीतिक जीवन में पहली बार देखा। लोकार्पण के दौरान महापौर ने वार्ड नंबर 25 में पुराने तालाब को सौंदर्यकरण करने का क्षेत्रीय जनता को आश्वासन दिया एवं उच्च अधिकारियों से बात कर इस तालाब का जल्द से जल्द सुंदरीकरण का निर्देश दिया, जिसमें धोबी समाज को अधिक से अधिक इसका फायदा हो सके, महापौर ने झूँसी के दौर में आगामी फूलपुर का उप चुनाव के संदर्भ में कहा फूलपुर की जनता से निवेदन है कि वह एक समृद्धशाली, शक्तिशाली सरकार का चयन करें जो राष्ट्र के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें और विकास का कार्य निरंतर जारी रखे। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद सियाराम मौर्य, अनारो देवी, राम मिलन पासी, पार्षद अनिल यादव धुन्नु, पार्षद सुमित निषाद, नगर निगम के अवर अभियंता अजीत, जोनल अधिकारी सुदर्शन, जेई महेश कुमार आदि उपस्थित रहे।



## महर्षि महेश योगी आश्रम में महायज्ञ का आयोजन हुआ

**नैनी।** नैनी अरैल महर्षि महेश योगी आश्रम परिसर में नवरात्र के चौथे दिन सहस चंडी महायज्ञ का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें विश्व में शांति व्यवस्था कायम हो यह कार्यक्रम महर्षी आश्रम के डायरेक्टर ब्रह्मचारी डॉक्टर गिरीश वर्मा के निर्देशन में आश्रम प्रभारी सुनील श्रीवास्तव बसंत दास के नेतृत्व में मुख्य आचार्य ऋषि त्रिवेदी की अध्यक्षता में 1100 वरिष्ठ विद्वान पंडितों ने सत चंडी महायज्ञ करके विश्व में शांति के लिए पाठ किया एवं अनुष्ठान किया जिससे विश्व में शांति बनी रहे देश में अमनकायम रहे उक्त आशा की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने बताया कि यह कार्यक्रम पूरे नवरात्र 9 दिन चलता रहेगा जिससे विश्व में शांति बनी रहे महर्षि जी के सपनों को साकार किया जा सके इस अवसर पर विमल मिश्रा जितेंद्र दास जयप्रकाश तिवारी बाबूजी शुक्ला सनातन सत्यापति अनिरुद्ध मिश्रा प्रमुख आचार्य गण मौजूद थे।

## न्यूज झरोखा

### श्री अवंतिका रामलीला में कैकई ने राम के लिए 14 वर्ष का वनवास मांग

पिताँ दीन्ह मोहि कानन राजू जहँ सब भाँति मोर बड़ काजू



**नैनी।** नैनी श्री अवंतिका रामलीला में राम वन गमन की लीला का अत्यंत मार्मिक मंचन हुआ। मंथरा के राम के प्रति विष वमन से प्रभावित रानी कैकई महाराज दशरथ से भरत के लिए राज्य और राम के लिए 14 वर्ष का वनवास मांग लेती है। यह सुनकर महाराज दशरथ मूर्छित हो जाते हैं। पिता के प्रण पूर्ति के लिए राम मां कौशल्या के पास जाते हैं। मां कौशल्या कहती हैं कि सुना है महाराज तुम्हें अयोध्या का राजा बनाने जा रहे हैं। इस पर राम कहते हैं, पिताँ दीन्ह मोहि कानन राजू। जहँ सब भाँति मोर बड़ काजू।। आयसु देहि मुदित मन माता। जेहिं मुद मंगल कानन जाता। माता कौशल्या को अत्यंत कष्ट होता है किंतु वह राम को वन गमन की आज्ञा दे देती हैं। राम, सीता और लक्ष्मण सहित वन को प्रस्थान कर जाते हैं। रामलीला में प्रमुख रूप से बी बी दुबे, अवधेश पांडेय, आर के शुक्ला, बी, बी सिंह, बागेश पांडेय, साधना पांडेय, एस पी दुबे, अरुण त्रिपाठी, उदय प्रताप सिंह, गुड्डू सिंह, राजेंद्र शुक्ला, राजेश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### 2 वर्ष से लंबित विद्युत उपकेंद्र की कार्यवाही पर विधायक ने लिखा मुख्यमंत्री को पत्र

**प्रयागराज।** जनपद के लालापुर क्षेत्र में विद्युत उपकेंद्र के सुचारू रूप से कार्य करने के लिए दो वर्ष पहले कार्यवाही शुरू हुई थी लेकिन विद्युत अधिकारियों की लापरवाही के चलते लालापुर उप केंद्र से विद्युत सप्लाई नहीं शुरू हो सकी है जिस पर विधायक वाचस्पति ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि नगर विकास मंत्री के पत्र संख्या 337 दिनांक 23 12 2022 को लालापुर उप केंद्र शुरू करने के लिए कार्रवाई शुरू हुई थी लेकिन कार्रवाई अधर में लटक गई है धीरे-धीरे दो वर्ष का समय बीत गया और आम जनता को विद्युत की सप्लाई सुचारू नहीं मिल रही है जिससे आम जनता में आक्रोश व्याप्त है विधायक ने मुख्यमंत्री से कहा कि जल्द से जल्द लालापुर उप केंद्र से विद्युत सप्लाई शुरू करने के लिए प्रबंध निदेशक विद्युत को निर्देशित करें उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड वाराणसी के प्रबंध निदेशक को पहले भी पत्र भेज दिया गया है लेकिन उप केंद्र नहीं चालू हो सकता है उन्होंने जल्द से जल्द उप केंद्र लालापुर चालू कराए जाने की मांग मुख्यमंत्री से की है ।

### नैनी पुलिस द्वारा एक अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से अवैध तमंचा कारतूस बरामद

**नैनी।** नैनी पुलिस ने रविवार को मुखबिर की सूचना पर एक अभिययुक्त को गिरफ्तार किया उसके कब्जे से अवैध तमंचा सहित कारतूस बरामद कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की। मिली जानकारी के अनुसार नैनी थाना क्षेत्र के सच्चा बाबा नगर अरैल निवासी मोहित यादव उर्फ गुड्डू पुत्र चुन्ना यादव को अरैल घाट सेल्फी पॉइंट रैम्प के पास से मुखबिर की सूचना पर अवैध तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गई।

## नैनी में सीएम के न आने पर मायूस हुए कार्यकर्ता



**नैनी।** नैनी स्टेशन के पास सीएम योगी के इंतजार में खड़े हुए बच्चे व आस - पास के लोग सीएम योगी का एक झलक पाने के लिए इंतजार करते रहे। महाकुम्भ के विकास कार्यों को देखने के लिए सीएम योगी रविवार को नैनी आने वाले थे। इसके लिए उनका प्रोटोकॉल भी आ गया था। लेकिन समय कम होने की वजह से वह नैनी नही आ सके। जिससे उनकी एक झलक पाने के लिए सुबह से इंतजार कर रहे लोगों और कार्यकताओं में मायूसी छा गई। तीन दिन पहले से ही सीएम के नैनी निरीक्षण के लिए पीडीए, नगर निगम समेत अन्य संस्थाओं के ठेकेदारों ने दिन रात एक करके लेप्रोसी से नैनी स्टेशन रोड, छिवकी जंक्शन रोड व आस पास का क्षेत्र, अरैल स्थित वेणी माधव मंदिर एवं मीरजापुर मार्ग के दोनों ओर सैकड़ो अतिक्रमण को हटाने के साथ ही रंग रोगन और दोनों ओर सफाई कराकर बैरिकेडिंग कराई गई थी। लेकिन उनके यहां नही पहुंचने से जहां ठेकेदारों ने राहत की सांस ली वहीं कार्यकताओं में मायूसी छाई रही।

## वेद एडवांस फिजियोथेरेपी सेंटर ने धूमधाम से मनाया विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस





**प्रयागराज।** रविवार को वेद एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबलिटेशन सेंटर झूंसी प्रयागराज एक में एक लाभरहित संस्था है, जो पिछले कई सालों से सेरेब्रल पाल्सी (जन्मजात दिव्यंगता) के बच्चो के लिए समर्पित संस्था है अब तक संस्था ने लगभग 2 हजार बच्चो को ऑनलाइन एवम 200 से अधिक बच्चो को संस्था में ठीक करके समाज की मुख्य धारा में जोड़ने का कार्य किया है। इसी क्रम में रविवार 6 अक्टूबर को विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस के अवसर पर संस्था पिछले एक सप्ताह से जन्मजात दिव्यंगता के प्रति जनजागरूकता साप्ताहिक कार्यक्रम चलाकर सेरेब्रल पाल्सी दिवस को मना रहा है । तथा 6 अक्टूबर को वेद एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबलिटेशन सेंटर में 50 से अधिक बच्चो का निःशुल्क चिकित्सीय परीक्षण का आयोजन किया जहा बच्चो एवम अभिभावकों को सेरेब्रल पाल्सी में इलाज के प्रति जागरूक किया गया बच्चो एवम अभिभावकों को पुरस्कार एवम चिकित्सीय सामग्री का निःशुल्क वितरण किया गया ऑनलाइन निः शुल्क चिकित्सीय कैंप में बाहर के लगभग 40 बच्चो को देखा गया एवम उन्हे भी जागरूक किया गया।सेंटर के अंदर अभिभावकों एवम बच्चो के द्वारा विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किया गया बच्चो के द्वारा चित्रकला, हस्तशिल्प, सांस्कृतिक कार्यक्रम, एवम अभिभावकों ने अपने अनुभवों को साझा किया बच्चो एवम अभिभावकों में विश्व सेरेब्रल पाल्सी को वेद एडवांस फिजियोथेरेपी एंड रिहैबलिटेशन सेंटर की ओर से मनाए जाने पर सेंटर की सराहना की और सभी में हर्षोल्लास दिखा । कार्यक्रम में सेंटर के संस्थापक डाक्टर वेद राजपूत, वैभव द्विवेदी, अभय सिंह, नेहा, ममता, रोहित,नयन, मुनमुन सोनोवाल, दितिप्रिया, श्रृष्टि, पूनम एवम सेंटर के सभी अभिभावक व बच्चो ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## पति-पत्नी की पिटाई पर केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** उदयपुर पुलिस ने पति पत्नी के साथ हुई मारपीट की घटना को लेकर आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। उदयपुर थानान्तर्गत पूरे बक्सी गांव की रेनू सिंह पत्नी मान सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि पुरानी रंजिश को लेकर एक अक्टूबर की रात करीब साढ़े नौ बजे गांव के मान सिंह अपनी पत्नी संजू तथा पुत्रियां मधु, निधि, नीतू व रीतू के साथ एक राय होकर उसके दरवाजे पर पहुंचे और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने पीड़िता तथा उसके पति को जमकर मारापीटा और जान से मारने की धमकी दी। जांच के बाद पुलिस ने आधा दर्जन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# संस्कार युक्त शिक्षा देने काम कर रहा शिशु मंदिरः राजेंद्र मौर्य

### सरस्वती शिशु मंदिर के नवीन भवनों का विधायक ने किया उद्घाटन

**अखंड भारत संदेश**



कार्यक्रम में मौजूद सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य व अन्य।

**प्रतापगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर अजीत नगर में विधायक निधि से बने नवनिर्मित छह कमरों के नए भवन का लोकार्पण सदर विधायक राजेंद्र मौर्य ने किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरस्वती शिशु मंदिर ही ऐसा विद्यालय है। जो संस्कार युक्त शिक्षा देता है। कॉन्वेंट और इसमें यही अंतर है। शिशु मन्दिरों में हिंदी, अंग्रेजी और संस्कृत भाषा पर बराबर जोर दिया जाता है। यहां का पढ़ा हुआ छात्र जीवन के हर इम्तहान में सफल होने की कुबत रखता है।

उन्होंने विद्यालय की हर संभव मदद का भरोसा दिया। क्षेत्रीय संगठन मंत्री विद्या भारती हेमचंद ने पूजन कार्य किया। पंडित गंगा प्रसाद शर्मा और सतीश चैरसिया मूलचंद सोनी के सहयोग से वैदिक यज्ञ आरंभ हुआ। भवन निर्माण में सहयोग करने वाले व्यापारी विक्रांत खण्डेलवाल, रतन जैन अध्यक्ष, संजीव आहूजा प्रबंधक, शरद केसरवानी कोषाध्यक्ष, अश्विनी केसरवानी, मयंक चतुर्वेदी, अनिल चैरसिया, गोविन्द खण्डेलवाल, राजेन्द्र केसरवानी माधो प्रसाद, नितेश खण्डेलवाल, संजय झालानी, अनिल खण्डेलवाल (निधि), अशोक कुमार सिंह (विधि), प्रोफेसर पियूषकांत शर्मा, नमिता पाण्डेय, सरदार मंजीत सिंह गोविंद, शिशिर खरे, डाक्टर सौरभ पाण्डे, आलोक पांडे एवं प्रदेश संगठन मंत्री अन्य लोगों ने हवन किया। प्रदेश निरीक्षक ने अपने उद्बोधन में कहा की शिशु मंदिर अजीत नगर जिस जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हो गया था उसके पश्चात विद्या भारती के द्वारा प्रयास करने पर प्रबंधक संजीव आहूजा को इसके संचालन का दायित्व सौंपा गया। उन्होंने सभी के सहयोग से छह कमरों का नया भवन तैयार कराया। जो की सराहनीय है।

शेष धर द्विवेदी प्रदेश निरीक्षक भारतीय शिक्षा समिति पूर्वी उत्तर प्रदेश ने अपने उद्बोधन में कहा कि उन्होंने यहां के बारे में जानकारी अनुसार विषम परिस्थितियों में भी इस तरह समर्पण के कारण संभव हो सका है। अधिवक्ता आलोक पाण्डेय ने विद्यालय के लिए 12 पंखे देने को कहा है। डॉ आर के सिंह एवं श्रद्धा सिंह ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सहयोग देते रहने की बात कही। विद्यालय परिवार ने प्रबंधक संजीव आहूजा का स्वागत किया।

## चित्रांश शुक्ला ने स्टेट कूडो टूर्नामेंट 2024 में जीता गोल्ड मेडल

**अखंड भारत संदेश**



चित्रांश शुक्ला को मेडल देती मुख्य अतिथि।

**प्रतापगढ़।** बीएसएस एकेडमी, फुलवारी के छात्र चित्रांश शुक्ला ने सर्वोदय पब्लिक स्कूल, आजमगढ़ में आयोजित सातवें उत्तर प्रदेश स्टेट कूडो टूर्नामेंट 2024-25 में गोल्ड मेडल प्राप्त कर प्रतापगढ़ जनपद का नाम रोशन किया है।

5 सितम्बर से 6 सितम्बर, 2024 तक चलने वाली श्स्टेट कूडो टूर्नामेंट (मार्शल आर्ट) प्रतियोगिता में चित्रांश ने गोल्ड मेडल जीता और राष्ट्रीय टीम में चयन हुआ है। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक विनोद सिंह और प्रधानाचार्य अवधेश प्रताप सिंह ने चित्रांश शुक्ला के लगातार कठिन परिश्रम और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं प्रदान किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की।

# मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहींः राकेश पाण्डेय

### श्रद्धालुओं से भरी निःशुल्क बस पट्टी से विंध्याचल के लिए रवाना

**अखंड भारत संदेश**



विंध्याचल के लिये रवाना होती बस।

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के मैंनहा गांव निवासी वरिष्ठ समाजसेवी राकेश पांडेय के सौजन्य से नवरात्र के पावन पर्व पर रविवार को पट्टी से विंध्याचल के लिए दर्शनार्थियों से भरी निशुल्क बस को झंडी दिखाकर रवाना किया गया इस दौरान मां विंध्यवासिनी के जयकारे से पट्टी क्षेत्र गूंज उठा। यह निशुल्क बस पट्टी से उड़ैयाडीह जामताली रानीगंज से श्रद्धालुओं को लेकर विंध्याचल धाम के लिए रवाना हुई। खास बात यह है कि वरिष्ठ समाज सेवी राकेश पांडेय दर्शनार्थियों के लिए निःशुल्क बस सेवा प्रदान कर सराहनीय कार्य किया।

इतना ही नहीं, विंध्याचल मंदिर प्रशासन से दर्शन की विशेष व्यवस्था भी उपलब्ध कराते हैं और दर्शनार्थियों को विशेष फलाहारी एवं भोजन की निःशुल्क व्यवस्था करते हैं। ऐसे सनातन धर्म प्रेमियों से सनातन धर्म को बढ़ावा मिल रहा है और धर्म के साथ आस्था प्रगाढ़ हो रही है। वरिष्ठ समाजसेवी राकेश पांडेय के सराहनीय कार्य की सभी तहे दिल से प्रशंसा कर रहे हैं। इस संबंध में वरिष्ठ समाजसेवी राकेश पांडेय से बात की गई तो उन्होंने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नहीं है। ऐसे कार्यक्रम से जहां पर सनातन धर्म मजबूत होता है वहीं पर धर्म के साथ आस्था प्रगाढ़ होती है। और यह सब आप सबके आशीर्वाद और मां विंध्यवासिनी की कृपा से हो रहा है।



धनुष यज्ञ की झांकी निकालते कलाकार।

## श्री रामलीला समिति ने निकाली फुलवारी लीला व धनुष यज्ञ की झांकी

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** श्री रामलीला समिति द्वारा आज की लीला में फुलवारी लीला व धनुष यज्ञ की झांकी निकाली गई थी, जिसे देखने के लिए महिलाओं बच्चों की कतार लगी हुई थी। माता सीता को फुलवारी में देख सभी माताए जगह-जगह आरती उतार कर पुष्प वर्षा कर रही थी। लीला को देखने राम भक्तों की भीड़ उमड़ रही थी। भक्तों में महिलाएं और बच्चे झांकी को देखकर मंतमुग्ध हो रहे थे। आज की लीला का रथ गोपाल मंदिर से भरत चैक होते हुए सदर बाजार से वापस सिप्टैन रोड होते हुए वाचनालय से बाबागंज होते हुए रेलवे स्टेशन से वापस पंजाबी मार्केट होते हुए गोपाल मंदिर जाकर विश्राम हुए। आज की लीला झांकी के साथ चल रहे संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह दिन्नू, मंत्री विपिन गुप्ता, श्याम शंकर सिंह, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता, धर्मेंद्र चैरसिया, विष्णु सोनी, शिवम खंडेलवाल, बंटी नेता, राहुल सोनी आदि उपस्थित रहे।

# जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव का हुआ आयोजन

### माताओं को दिया गया किट

**अखंड भारत संदेश**



कन्या जन्मोत्सव के दौरान मौजूद अधिकारीगण।

**प्रतापगढ़।** मिशन शक्ति के पांचवे चरण के अंतर्गत जिला प्रोबेशन अधिकारी रामबाबू विश्वकर्मा के निर्देशानुसार महिला जिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत नवजात जन्मी कन्याओं की माताओं को कन्या की आवश्यकता से संबंधित किट देकर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन चाइल्ड हेल्पलाइन की प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रिचा ओझा द्वारा किया गया तथा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की जानकारी केंद्र प्रशासक वन स्टाफ केंद्र की नीरजा सिंह द्वारा दी गई कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पुलिस विभाग की प्रतिभा सिंह द्वारा महत्वपूर्ण नंबरों 181 घरेलू हिंसा 10 90 नंबर वूमेंस हेल्पलाइन 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपात सेवा 10 30 साइबर क्राइम हेल्पलाइन 101 अग्निशमन सेवा के विषय में जानकारी प्रदान की गई एसजेपीयू के प्रभारी राजेश सिंह जी द्वारा मिशन मिशन शक्ति के विषय में विस्तार पूर्वक बताया गया और उन्होंने कहा कि बेटी और बेटा दोनों ही समाज के आवश्यक पहलू हैं दोनों को समाज में समान अधिकार है। ए एच टी यू से प्रमोद यादव, साथ में भारती परमार, मीना यादव, वंदना यादव तथा रीना यादव, निशा परवीन, बीनम विश्वकर्मा, अभय राज यादव, शुभम सिंह, ज्ञान प्रकाश वर्मा कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## सौहार्द बिगाड़ने के लिए धार्मिक पोस्टर जलाने पर किया गिरफ्तार

### नवाबगंज पुलिस की सक्रियता से सौहार्द बिगड़ने से बचा

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र के सीताराम पांडेय का पुरवा जनवामऊ में नव दुर्गा पूजा का भव्य आयोजन पूजा कमेटी व ग्राम वासियों के सहयोग से किया गया। आयोजन के दौरान थाना क्षेत्र के अंसारगंज बाजार में पोस्टर लगाकर सजाया गया था।

शुक्रवार की रात दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्यों को जानकारी मिली कि किसी एक समुदाय के शरारती तत्व के युवकों ने पोस्टर को जला दिया। मौके पर सभी पदाधिकारियों ने पहुंचकर मामले की जानकारी नवाबगंज पुलिस को दी। मामला दो समुदाय के बीच व दुर्गा पूजा से जुड़ा होने के कारण आनन फानन नवाबगंज थाना प्रभारी धीरेंद्र ठाकुर दल बल के साथ पहुंचे और मामले की पूरी जानकारी लेते हुए पूजा कमेटी के पदाधिकारियों को शांत कराया मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ने 5-6 युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ किया। मामले की तहरीर दुर्गा पूजा कमेटी के सदस्य भूपेंद्र सिंह ने तीन शरारती नाबालिक युवक के खिलाफ नामजद तहरीर दिया। तहरीर मिलने पर पुलिस ने तीनो नाबालिक युवकों को बाल सुधार गृह प्रयागराज भेज दिया। पुलिस की ताबड़तोड़ का से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस गश्त तेज करते हुए सभी दुर्गा पंडाल की सुरक्षा व्यवस्था चाक चैबंद कर दिए है।

## युवक ने किशोरी से की छेड़छाड़

**पट्टी, प्रतापगढ़।** गैर समुदाय के युवक पर नाबालिक किशोरी से छेड़छाड़ व गंभीर आरोपों की तहरीर पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग की गई है। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग किशोरी से घर में घुसकर गैर समुदाय के युवक ने छेड़छाड़ व अश्लील हरकत की। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी युवक मौके से भाग निकला। मामले की शिकायत किशोरी के परिजनों ने पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल आलोक कुमार का कहना है किशोरी को मेडिकल के लिए भेज अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# अवैध रूप से भारी मात्रा में पटाखा भंडार के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

### पटाखा के साथ आरोपी को लिया हिरासत में

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार द्वारा अपराधों की रोकथाम व अवैध विस्फोटक पदार्थ बनाने वाले अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु चेकिंग के लिए अपने मातहतो को सख्त निर्देश दिए जिसमे चेकिंग के दौरान थाना मानिकपुर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम काछी पट्टी कस्बा मानिकपुर में मकान के पास भण्डारण करके बेचने जाने के लिए रखे अवैध पटाखा का भारी मात्रा में बरामद किया। आगामी आने वाले त्योहार दशहरा, दीपावली के लिए पटाखा व फुलझड़ी का भण्डारण कुंडा मानिकपुर व परियावा क्षेत्र में भंडार किया जा रहा है।

थाना प्रभारी मानिकपुर के प्रभारी निरीक्षक दीपनारायण मय हमराह व0उ0नि शत्रुघ्न वर्मा, चालक हे0का0 संतोष राय, का घनश्याम, का0 रोहित यादव, म0का0 रितेश राणा द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मानिकपुर क्षेत्र के ग्राम काछी पट्टी कस्बा मानिकपुर में मकान के पास बेचने के लिए अवैध रूप सें पटाखा का भण्डारण करके रखा हुआ था जिसमे कुल आठ बोरी में लगभग कुल 100 कि0ग्राम अवैध पटाखा चार बोरी देशी गड्डा बम कुल 3296 नग, एक बोरी में 450 बडा गड्डा बम, एक बोरी में 3500 छोटा गड्डा बम, एक बोरी में 240 अदद देशी फुलझडी लाइट, एक बोरी में 104 पैकेट रेडीमेड छोटा पटाखा (प्रत्येक पैकेट में 10 नग ), 50 पटाखा चटाई रेडीमेड प्रत्येक चटाई में 28 नग, पैकेट रेडीमेड अनार बम प्रत्येक पैकेट में 10 नग, 2 पैकेट रेडीमेड रकेट प्रत्येक पैकेट में 10 नग, 20 पैकेट रेडीमेड फुलझडी प्रत्येक पैकेट में 10 नग के साथ अभियुक्त मो0 शब्बीर पुत्र मो0 सफी(40)वर्षीय निवासी काछी पट्टी कस्बा मानिकपुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया पुलिस ने अवैध रूप से विस्फोटक पदार्थ की बरामदगी के संबंध में मानिकपुर पुलिस ने मु0अ0सं0 207/24 धारा 9बी विस्फोटक अधिनियम 1884 बनाम मो0 शब्बीर के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत लिखा पढ़ी करके न्यायालय भेज दिया।

## गांव में पहुंचे बदमाशों द्वारा की गयी फायरिंग, पुलिस बता रही मनगढ़न्त

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** लीलापुर थानान्तर्गत रहिमाकुली गांव में शुक्रवार की रात बदमाशों के आने की आहट से ग्रामीणों में दहशत फैल गयी। पुलिस मामले को मनगढ़न्त बताते हुए जांच करने की बात कर रही है। लीलापुर थाना के रहिमाकुली गांव निवासी अरमान खान पुत्र परवीन खान के पुत्र इरसाद व दिलशाद गांव के बाग में अपने नवनिर्मित मकान में रहते हैं। उनका आरोप है कि शुक्रवार की रात करीब साढ़े दस बजे दो अज्ञात व्यक्ति उसके दरवाजे पर पहुंचकर दरवाजा खटखटाने लगे। घर में अकेली पीड़ित की पत्नी ने फोन पर पति को जानकारी दी। इधर इसकी जानकारी ग्रामीणों को होने पर गांव में बदमाश आने का शोर मच गया। शोरगुल सुनकर अज्ञात आरोपी व्यक्ति फायरिंग करते भाग निकले। पीड़ित ने डकैती के प्रयास के आरोप को लेकर पुलिस से शिकायत की है। एसओ नरेन्द्र सिंह का कहना है कि घटना पूरी तरह से मनगढ़न्त कहानी लग रही है। मामले की जांच के बाद उचित कार्रवाई की जायेगी।



पुलिस की गिरफ्त में गोवंश के आरोपीगण।

## गोवध अधिनियम के तहत दो आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### सात गौवंश और पिकअप वाहन और नशे का इंजेक्शन बरामद

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** गौवंशों के अवैध व्यापार मे वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को पुलिस ने शनिवार को पकड़ कर जेल भेज दिया। आरोपिओं के उपर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पकड़े गये आरोपी कैफ अहमद पुत्र लईक निवासी मन्नान की बाजार, बरई थाना कुंडा जनपद प्रतापगढ़ और मो दानिश उर्फ हैदर अली पुत्र जफर खां निवासी मतरमपुर, तिवारीपुर थाना मानिकपुर जनपद प्रतापगढ़ के निवासी है। मुखबिर की सूचना कर पुलिस ने इन्हे मन्नान की बाजार के पास से एक बाग़ से गिरफ्तार किया है। उनकी पुराने मामलो मे भी तलाश थी। बताते चलें की शनिवार को सुबह मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर थाना प्रभारी सतेंद्र सिंह की अगुवाई मे उनि गोविन्द सिंह चैहान मय हमराह आरक्षी उमाशंकर भारती, प्रेमवीर सिंह आदि ने घेराबंदी कर उपरोक्त आरोपिओं को पकड़ कर थाने ले आयी और रविवार को विधिक कार्यवाई करके न्यायालय भेज दिया।

# प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को दी जानकारी विभिन्न जानकारी

**अखंड भारत संदेश**



प्रशिक्षण शिविर में बच्चों को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक।

**प्रतापगढ़।** बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र सिंह के निर्देशानुसार कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के तीन दिवसीय गाइड प्रशिक्षण शिविर का दूसरा चरण रविवार को शुरू हुआ। यह 8 अक्टूबर तक चलेगा। पहले दिन कस्तूरबा गांधी आआवासीय बालिका विद्यालय कालाकांकर, बाबागंज, बिहार, कुंडा, रामपुर संग्रामगढ़ में प्रशिक्षण की शुरुआत की गई। प्रशिक्षण शिविर का संचालन विद्यालय की गाइड कैप्टन के द्वारा किया जा रहा है। 32-32 छात्राओं की तीन टोली बनाकर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उपस्थित गाइड को गाइड प्रार्थना, झंडा गीत, प्रतिज्ञा, नियम, सिद्धांत, उद्देश्य, चिन्ह, सेल्यूट, हांथ मिलाना, स्काउटिंग का इतिहास, टोली विभाजन, टोली का महत्व, साधारण ड्रिल, वर्दी, गांठ फांस, बंधन की जानकारी दी गई। सभी गाइडों को कैंप फायर, ताली बजाने और अगले दिन की सामग्री नोट कराया गया। प्रशिक्षण शिविर जिला स्काउट मास्टर सुशील कुमार सिंह, जिला व्यायाम शिक्षक रामकुमार सिंह, मंजू सिंह एवं बालिका समन्वयक पिंटू कुमार के देखरेख में संचालित किया जा रहा है।

## रंजिश में हुई मारपीट पर चार के खिलाफ केस दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** रंजिश में हुई मारपीट की घटना को लेकर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के चकोदर बभनपुर गांव निवासी जगतपाल पुत्र तुलसीराम ने पुलिस को दी गयी तहरीर में कहा है कि पांच अक्टूबर की रात करीब साढ़े आठ बजे गांव के मानसिंह के पुत्र सोनू व बृजेश उर्फ भोंदू तथा राज बहादुर पुत्र वंशी लाल और नीलम पत्नी सोनू एक राय होकर उसके दरवाजे पहुंचे। आरोप है कि आरोपियों ने गाली देते हुए रंजिशन उसके पिता तुलसी राम को मारपीट कर लहूलुहान कर दिया। शोर मचाने पर आरोपीगण जानलेवा धमकी देते हुए भाग निकले। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## एक ही रात तीन घरों में चोरी से ग्रामीणों में दहशत

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली इलाके में एक ही रात तीन घरों में हुई चोरी की घटना से ग्रामीणों में भय व दहशत का माहौल बन गया है। पीड़ित जनों ने घटना को लेकर पुलिस को रविवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है।

लालगंज कोतवाली के रायपुर भगदरा, बरेंवां गांव निवासी शिवशंकर पाल व इन्द्रजीत यादव तथा इनके भाई दुर्गाप्रसाद यादव के घर की दीवार काटकर चोर नकदी जेवरात व खाद्यान्न उठा ले गये। पीड़ित शिव शंकर पाल का आरोप है कि अज्ञात चोर उसके घर में रखी पांच हजार की नकदी व लाखों के जेवरात उड़ा ले गये। वहीं इन्द्रजीत व दुर्गाप्रसाद के घर से चोर कई कुन्तल खाद्यान्न उठा ले गये। पीड़ितों ने अज्ञात चोरों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि तहरीर मिली है जांच के बाद कार्रवाई की जायेगी।

## परिजनों से नाराज किशोर ने फांसी लगाकर दी जान

**परियावां, प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के कुसेसर गांव निवासी शुभम शुक्ल पुत्र बालकृष्ण शुक्ल (15) वर्षीय शनिवार की शाम घर में परिजनों से किसी बात को लेकर नाराज हो गया और घर के कमरे में फांसी लगाकर अपनी इहलीला समाप्त कर ली घटना से परिजनों में कोहराम मच गया जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही संग्रामगढ़ थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह भदौरिया अपने स्टाफ के साथ घटना स्थल पर पहुंचे और शव को फांसी के फंदे से नीचे उतार कर लिखा पढ़ी किया और शव को पी एम के लिए जिला अस्पताल भेजा घटना को लेकर परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सभी का रो रोकर बुरा हाल है।

## विकास खंड आसपुर देवसरा के उपकेंद्र बैजलपुर चल रहा बीमार

**पट्टी, प्रतापगढ़।** विकासखंड आसपुर देवसरा क्षेत्र के उपकेंद्र बैजलपुर भीखमपुर अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। अस्पताल परिसर में घास फूस और गंदगी का अंबार लगा हुआ है। और यहां पर बना उपकेंद्र खुद बीमार चल रहा है। उपकेंद्र के नाम पर लाखों रुपए खर्च होने के बाद भी यहां पर एएनएम को बैठने के लिए कुर्सी में तक की व्यवस्था नहीं है। नवजात शिशु गर्भवती महिलाओं का यहां पर टीकाकरण नहीं हो पता है। और गांव में कैंप लगाकर टीकाकरण किया जाता है। विभागीय लापरवाही के चलते लाखों रुपए की लागत से बना उपकेंद्र शोपीस बना हुआ है। इस समस्या के संबंध में इसकी साफ सफाई की शिकायत युवा एंटी करप्शन ऑर्गेनाइजेशन के जिला उपाध्यक्ष अभिषेक पांडेय ने विभागीय उच्चाधिकारियों से की है। इस संबंध में सीएससी अधीक्षक अमरगढ़ से बात की गई तो उन्होंने कहा कि विभागीय उच्चाधिकारियों को पत्र लिखा गया

# धरना प्रदर्शन कर रहे रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों पर मुकदमा दर्ज कराए जाने से भड़का जनाक्रोश

● रामलीला कमेटी अध्यक्ष ने कहा कि सनातन धर्म और हिंदू धर्म की आस्था पर चोट पहुंचाने का काम नगर पालिका के अध्यक्ष ने किया जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

**कौशाम्बी।** जनपद मुख्यालय मंझनपुर के रामलीला मैदान सहित पूरे नगर पालिका क्षेत्र में शनिवार को सफाई न कराए जाने से रामलीला कमेटी के अध्यक्ष आशीष कुमार उर्फ बच्चा केसरवानी के नेतृत्व में सैकड़ो लोगों ने धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की जिस पर तमाम बड़े अधिकारी मौके पर पहुंचे और धरना प्रदर्शन कर रहे रामलीला कमेटी के पदाधिकारी को समझा बुझा कर धरना प्रदर्शन समाप्त कराया और साफ सफाई व्यवस्था बहाल की उसके बाद मामला यहीं समाप्त हो गया लेकिन इसके बाद राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते नगर पालिका परिषद मंझनपुर के अध्यक्ष वीरेंद्र फौजी ने सोशल मीडिया में रामलीला कमेटी के पदाधिकारियो के विरुद्ध पोस्ट कर अनर्गल बयान बाजी शुरू कर दिया




जिससे रामलीला कमेटी के पदाधिकारियो में फिर आक्रोश पनप गया मंझनपुर कोतवाली में रामलीला कमेटी के पदाधिकारी के विरुद्ध अध्यक्ष के गांव के लोगों ने मुकदमा दर्ज करा दिया जिस पर रविवार को रामलीला कमेटी के पदाधिकारियो सहित नगर के सैकड़ो लोगों ने जनपद मुख्यालय मंझनपुर की सड़कों पर जमकर धरना प्रदर्शन नारेबाजी करते हुए मंझनपुर कोतवाली पहुँचे और नगर पालिका के अध्यक्ष वीरेंद्र फौजी के कारनामे की चर्चा करते हुए फर्जी मुकदमा को समाप्त कराए जाने की मांग की है रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि यह सनातन धर्म और हिंदू धर्म की आस्था पर चोट पहुंचाने का काम नगर पालिका के अध्यक्ष ने किया जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस मौके पर पंकज गामा, पंकज शर्मा, रुपेश शर्मा, मुकुंदी, सुशील, ज्ञानचंद, अजय, बबलू टुल्लन, अजय, अर्जुन,कपिल, दीपक पियूष, राजू, मंटू, रिंकू सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## चाकवन चौराहे में लाखों खर्च अंधेरे में तब्दील ओवर ब्रिज चोरो के हौसले बुलंद

**स्ट्रीट लाइट महीनों से है खराब आने-जाने वाले राहगीरों को अंधेरे का करना पड़ता है सामना**

**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील के अंतर्गत चाकवन चौराहे ठल्2 पुल के ऊपर स्ट्रीक लाइट पूर्ण रूप से खराब हो गई है चौराहा पर नवरात्रि के चलते भीड़ भाड़ शाम को रहती है पुल के नीचे लोगों को आने जाने राहगीरों को दिक्कतों का काफी सामना करना पड़ता है अधिकारियों से कई बार शिकायत किया गया लेकिन अभी तक लाइट नहीं बनी ग्रामीणों ने बताया कि विजय पटेल जसीम,अरविंद,मुज्जफर आदि ने कई बार कंप्लेंट भी किया लेकिन अभी तक केवल आश्वासन ही मिला आखिर जिम्मेदार अधिकारी क्यों मौन है आखिर कब तक चौराहा अंधेरे में तब्दील रहेगा।

## धर्मांतरण न करने पर महिला को दबंगों ने बेरहमी से पीटा


**कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव में लंबे समय से झाड़ फूंक इलाज के बहाने लोगों को धर्मान्तरण करने का दबाव बनाया जा रहा है लंबे समय से चल रहे इस खेल पर जिले की पुलिस की नजर नहीं पहुंची है हर रविवार को यहां पर काफी भीड़ लगती है सभा की ऑडियो वीडियो बनाकर कार्यक्रम के गोपनीय रहस्य को उजागर करने की जरूरत है। कोखराज थाना क्षेत्र के महमदपुर गांव की महिला रीता देवी पत्नी मंगली प्रसाद का कहना है कि गांव के भंवर सिंह पुत्र जगन्नाथ के घर चंगाई सभा का आयोजन किया जाता है जिसमें तरह-तरह के चमत्कार झाड़ फूक से गंभीर बीमारी ठीक करने के बहाने लोगों को धर्म परिवर्तन कराकर उन्हें ईसाई धर्म स्वीकार कराया जाता है महिला ने बताया कि उसके परिवार के ही जली और बाली पुत्र जगन्नाथ काफी समय से मेरे ऊपर चंगाई सभा में आने व हिंदू धर्म को छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बना रहे हैं लेकिन मुझे अपने हिंदू धर्म सनातन धर्म में अटूट आस्था होने के कारण मैं उनकी सभा में नहीं जाती थी जिससे नाराज होकर उक्त दोनों लोगों ने 4 अक्टूबर को रात्रि 9:00 बजे लाठी डंडा लेकर के गाली गलौज करते हुए घर के भीतर घुस आए और मुझे लाठी डंडा से मारा पीटा और कहा कि हमारी बात मान लो चंगाई सभा में धर्म परिवर्तन कर लो नहीं देखते हैं कि आज इसके देवी देवता कैसे इसको बचाते हैं महिला ने बताया कि उसका पति बीमार है और बेटा जब बचाने के लिए पहुंचा तो उसको भी मारा पीटा गया है महिला ने मामले की सूचना थाना पुलिस को दी है लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई जिस पर महिला ने मामले की सूचना 5 अक्टूबर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में देकर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने वाले लोगों पर मुकदमा दर्ज कराकर गिरफ्तारी कराए जाने की मांग की है।

## मिशन साहसी के माध्यम से सबल बनेंगी छात्राएं : अभाविप

**कौशाम्बी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कौशांबी जिला द्वारा 5 अक्टूबर को मिशन साहसी के अंतर्गत बैजनाथ अंबिका प्रसाद इंटर कॉलेज गंगा पारी क पुरवा टेन शाह अलमाबाद मंझनपुर में छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। मंच पर अभाविप के विभाग संगठन मंत्री अनिल जी, प्रशिक्षक पंचम जी, प्रधानाचार्य संतोष कुमार मिश्रा अध्यापिका किरण देवी, ने ज्ञान की देवी मां सरस्वती युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमा पर पुष्पर्चन एवं दीप प्रजनन करके मिशन साहसी कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रशिक्षक पंचम ने आत्मरक्षा से संबंधित कराटे किक बॉक्सिंग, ताइक्वांडो कुंग फू,उसू सहित, लाठी,जिमनास्टिक ,पेन, पिन, पानी की बोतल सहित आत्मा रक्षा के लिए आदि विधाओं में प्रशिक्षण दिया छात्राओं ने भी कड़ी धूप में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया इस दौरान छात्राओं को संबोधित करते हुए विभाग संगठन मंत्री अनिल ने बताया कि मिशन साहसी का पहला कार्यक्रम मार्च 2018 में मुंबई में अभाविप ने शुरू किया जिसका प्रभाव पूरे देश में बड़ा, और यह कार्यक्रम विद्यार्थी परिषद प्रत्येक वर्ष भारत के सभी जिलों में मिशन साहसी का आयोजन करती है प्रत्येक वर्ष पूरे भारत में लाखों छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त करती हैं उन्होंने बताया नारी दुर्गा है, नारी लक्ष्मी है , नारी अन्नपूर्णा है हमारे देश में नारियों की पूजा की जाती है जब ज्यादा अत्याचार बढ़ता है तो वहीं नारी दुर्गा का रूप धारण करके अत्याचारियों का विनाश भी करती है ।उन्होंने बताया कि उनके शिक्षा, सुरक्षा ,सम्मान ,स्वास्थ्य और स्वावलंबन के लिए विद्यार्थी परिषद हर समय तैयार है इस दौरान प्रधानाचार्य संतोष मिश्रा ,सरसावा नगर अध्यक्ष राहुल मिश्रा, विभाग संयोजक ऋषभ द्विवेदी, तहसील संयोजक शिवांशु शुक्ला , तहसील सह संयोजक अभिराज सिंह , नगर सह मंत्री वंश केसरवानी, महामाया महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष गौरव मिश्रा, प्रिंस वर्मा ,नीरज यादव सहित भारी संख्या में शिक्षक छात्राएं एवं परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## करोड़ों की लागत से बन रहा गेट भरभरा कर गिरा

**पल्हाना घाट पर बन रहा था गेट भरभरा कर गिरा भ्रष्टाचार का गेट का लिंटर, बाल बाल बचे मजदूर**



**हर्रायपुर कौशाम्बी** नगर पालिका परिषद भरवारी में विकास कार्यों में व्याप्त 40 प्रतिशत कमीशन वाला भ्रष्टाचार अब आम लोगो के लिए मुसीबत बनता जा रहा है,नगर पालिका प्रशासन पर भ्रष्टाचार के कई गंभीर आरोप नगर क्षेत्र के लोगो और सभासदों द्वारा लगाए जा चुके है,लेकिन इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन पर कोई फर्क नहीं पड़ता दिखाई पड़ रहा है। ताजा मामला नगर पालिका परिषद भरवारी के धर्मराज नगर पल्हाना स्थित गंगा घाट का हैं जहां गंगा घाट पर सौंदरीकरण के लिए हो रहे गेट के निर्माण का हैं जोकि नगर पालिका के 40 प्रतिशत कमीशन की भेंट चढ़ गया और निर्माणाधीन गेट भरभरा कर गिर गया,गनीमत रही कि इस हादसे ने कोई मजदूर घायल नही हुआ अन्यथा कोई बड़ा हादसा हो जाता।वही स्थानीय लोगो ने निमार्णाधीन गेट के पास जाकर देखा तो रॉ मैटेरियल बहुत घटिया दिखा,जिसे लोगों ने अपने हाथो में लेकर चेक भी किया स्थानीय लोगो में इसको लेकर काफी रोष है।

## करोड़ों रुपए के केमिकल बिक्री के अवैध कारोबार पर नहीं लगी रोक

**कोखराज कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के कोखराज और उसके आगे पीछे टोल प्लाजा के आसपास नकली यूरिया केमिकल की बिक्री बड़ी तेजी से हो रही है बताया जाता है कि यूरिया टाइप का यह केमिकल ट्रक के इंजन में पड़ता है और नकली यूरिया केमिकल की बिक्री से ट्रक का इंजन जल्द खराब हो जाता है जिससे ट्रक मालिक बर्बाद हो रहे हैं क्षेत्र का एक माफिया लंबे समय से नकली यूरिया केमिकल की बिक्री में लगा है बताया जाता है कि पूरे वर्ष में करोड़ों रुपए के नकली यूरिया केमिकल की बिक्री इस दुकानदार के द्वारा बेखौफ तरीके से की जाती है राजस्थान से आने वाले केमिकल की बिक्री से जहां माफिया मालामाल हो रहे हैं वही ट्रक मालिक बर्बाद हो रहे हैं। बताया जाता है कि टोल प्लाजा के पास एक दुकान में राजस्थान से 70




**नकली यूरिया केमिकल की बिक्री से बर्बाद हो रहे ट्रक मालिक**

डिब्बा नकली यूरिया केमिकल उतारा गया था मामले की थाना पुलिस को भनक लगी तो थाना पुलिस मौके पर पहुंची लेकिन उसके पहले ही नकली यूरिया केमिकल का डिब्बा दुकानदार द्वारा हटा दिया गया है पुलिस की पूछताछ के दौरान माल बेचने वाले माफिया ने नकली केमिकल बिक्री की बात कबूल की है बताया जाता है कि टाटा का लोगो लगा यूरिया केमिकल की बिक्री बीते कई वर्षों से क्षेत्र में बड़ी तेजी से हो रही है केमिकल की नकली बिक्री की जानकारी मिलने के बाद पुलिस के पहुंचने के पूर्व आसमानी एवं ब्लू कलर के डिब्बे को माफिया द्वारा मौके से हटा दिया गया है बताया जाता है कि इस दुकानदार की क्षेत्र में चार दुकानें हैं जहां पर नकली यूरिया केमिकल की तेजी से बिक्री हो रही है और 4 गुना अधिक कीमत में नकली केमिकल की बिक्री कर ट्रक चालकों को आसानी से लूटा जाता है नकली केमिकल यूरिया की बिक्री के मामले मे विभाग के अधिकारी अभी दुकान पर छापा मारकर नकली केमिकल के कारोबार को बेनकाब नहीं कर सके हैं।

## जब शिक्षक की पत्नी ने कर दी क्रूरता की हद पार...

कौशाम्बी में मासूम बच्ची के मुंह मे मिर्चा डाल कर पीटती थी बेरहम मां घटना का वीडियो वायरल शिकायत पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

**कौशाम्बी।** जिले के मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में दिल को झकझोर देने वाली एक घटना सामने आई है, जहा एक बेरहम और निर्दयी माँ अपनी ही दुधमुंही बेटी को बेरहमी से पीटती थी। इतना ही नही आरोप है कि उसके मुंह में मिर्च तक डाल देती है। मानवीयता की हदे पार करने वाली बेरहम माँ की इस क्रूर हरकत का खुलासा तब हुआ जब पति ने मोहल्ले वालों की शिकायत पर उसका चोरी से वीडियो बनाया। मासूम बच्ची के साथ क्रूरता का वीडियो सामने आने पर लोग हैरान है। वही पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के खेरवा बरौला निवासी सत्येंद्र कुमार बहराइच में सरकारी टीचर है। उनकी शादी करीब दो साल पहले श्वेता गौतम से हुई थी। शादी के बाद सब कुछ ठीक चल रहा था। लेकिन 10 माह पहले एक बेटी शानवी का जन्म हुआ। आरोप है कि इसके बाद श्वेता का व्यवहार बदलने लगा। जब सतेंद्र पढ़ाने के लिए स्कूल चला जाता था, तो पत्नी दुधमुंही बच्ची को बेरहमी से पीटती थी। सतेंद्र के वापस आने पर मोहल्ले के लोगो ने बताया तो सतेंद्र परिवार को लेकर गांव आ गया। लेकिन पत्नी के अंदर कोई बदलाव नही हुआ। जब उसने इस बात को परिवार से बताई तो किसी को भी इस बात पर भरोसा नही हुआ।इस पर सतेंद्र ने अपने मोबाइल से छिप कर वीडियो बनाया। वीडियो में श्वेता मासूम बच्ची को पीटती हुई दिख रही है। हालांकि पति का आरोप है कि बच्ची के मुंह में मिर्च ठूंस देती है। और रोने पर बच्ची को पीटती है।विरोध करने पर उसे भी जहर देकर मार डालने की धमकी देती है। सतेंद्र ने मासूम बच्ची की पिटाई का वीडियो पुलिसकर्मी को दिखाया तो हैरान रह गए। पीड़ित की तहरीर पर मंझनपुर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की जांच में जुटी है।

## जिला पूर्ति कार्यालय कौशांबी द्वारा जारी हुआ आदेश

**कौशांबी।** आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग उ०प्र० द्वारा पत्र संख्या-4073/आ०पू०रा०- निःशुल्क वितरण/2024 दिनांक 03.10.2024 द्वारा माह अक्टूबर 2024 के सापेक्ष राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत आवंटित खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण माह अक्टूबर 2024 में वितरण दिनांक 05- 10-2024 से दिनांक 25.10.2024 के मध्य किया जाएगा। उक्त के दृष्टिगत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जनहित में जनपद कौशाम्बी के समस्त राशनकार्डधारकों को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अन्तर्गत माह माह अक्टूबर 2024 में अन्त्योदय कार्डधारकों को प्रति कार्ड 14 किग्रा0 गेंहू, 21 किग्रा० चावल तथा पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 02 किग्रा० गेंहू, 03 किग्रा० चावल का वितरण किया जाएगा। उक्त वितरण दिवसों में उचित दर की दुकानों पर खाद्यान्न वितरण का कार्य प्रातः 6: 00 बजे से रात्रि 9 :00 बजे तक सुनिश्चित किया जायेगा। वितरण के दौरान उचित दर विक्रेता द्वारा प्रतिदिन एक निश्चित संख्या में टोकन कार्डधारकों में वितरित किया जाएगा और समय की उपलब्धता एवं नई ई-पास मशीनों से हो पा रहे वितरण के अनुरूप उसमें अपेक्षित परिवर्तन करते हुए खाद्यान्न वितरण का कार्य पारदर्शी तरीके से सुनिश्चित किया जाएगा। मोबाईल ओ०टी०पी० के माध्यम से वितरण की अन्तिम तिथि दिनांक 25-10-2024 रहेगी। पोर्टबिलिटी के अन्तर्गत खाद्यान्न वितरण की सुविधा उचित दर विक्रेता के स्टाक में उपलब्ध खाद्यान्न की सीमा तक होगी। राशन कार्डधारकों से अपील की जाती है कि वे उचित दर विक्रेता को अपेक्षित सहयोग प्रदान करते हुए नियमानुसार आवश्यक वस्तुयें प्राप्त करने का कष्ट करें। किसी भी कार्डधारक को राशन प्राप्त करने में असुविधा होती है तो इसके लिए सम्बन्धित क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/पूर्ति निरीक्षक से सम्पर्क करें। वितरण से सम्बन्धित किसी भी समस्या के समाधान हेतु निम्न मोबाइल नम्बरों जिला पूर्ति अधिकारी कौशाम्बी 7839564632, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी सिराथू 7007172381, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी मंझनपुर/चायल 7408164483 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## कशिया पश्चिम ग्राम पंचायत में लाखों रुपये निकले लेकिन नहीं बदलीं आंगनबाड़ी की बिल्डिंग की सूरत

**अखंड भारत संदेश**

**कौशांबी।** जनपद के सिराथू तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कशिया पश्चिम के ग्राम पंचायत में लाखों रुपये कई मद में निकाले गए लेकिन जिन मदों में रुपये निकाले गए वह कार्य धरातल में नहीं दिखाई देते है ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का आलम है कि खुलेआम फर्जी बिल वाउचर के सहारे धन आहरण किया जा रहा है और जांच करने वाले अधिकारी जांच के बहाने मालामाल हो रहे हैं जमीनी हकीकत में विकास नहीं दिखाई पड़ रहा है लेकिन खजाने से बड़ी-बड़ी रकम आसानी से निकलकर गायब हो रही है। कशिया पश्चिम ग्राम प्रधान व जेई ने मिलकर लाखो रुपये की रकम निकाल लिया लेकिन सरकारी खजाने से निकलने के रकम के बाद गांव में कार्य योजना दिखाई नहीं पड़ी है शिकायतों के बाद भी विकास भवन के

**आखिर कौन अधिकारी है घोटाले बाज प्रधान का सरपरस्त**



अधिकारियों ने प्रधान के कारनामों को जांच कर अभी तक दंडित नहीं किया है प्रधान और जे ई पर मुकदमा दर्ज कराकर उनकी गिरफ्तारी नहीं कराई गई है आखिर किस प्रकार सरकारी रकम खर्च कर रहे हैं और कहाँ खर्च कर रहे हैं इसका जवाब देने को कोई अधिकारी तैयार नहीं है जनता योगी सरकार से जवाब चाहती है योजना से जुड़े अधिकारियों की यदि साठगांठ नहीं है तो आखिर कैसे वर्क को पास कर देते हैं बगैर मिलीभगत के कैसे लाखो की रकम निकल जातें हैं भ्रष्टाचार मुक्त सरकार में बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है कि इनके भ्रष्टाचार पर आखिर कौन रोक लगायेगा। आंगनवाड़ी भवन के मरम्मत के नाम पर लाखों की रकम खजाने से निकल गई है लेकिन आंगनबाड़ी का भवन मरम्मत नहीं हो सका जिले के आला अधिकारियों को क्यों नहीं आंगनबाड़ी की दुर्दशा को देखकर सुधि आती है क्या सरकार से मिले मद खर्च होने के बाद भी ऐसी दीन हीन दशा का शिकार आंगनबाड़ी रहेगी क्या जनपद के आला अधिकारी जांच कर दोषियों पर सख्त कार्यवाही करेंगे या फिर योगी सरकार का भ्रष्टाचार मुक्त का दावा केवल भाषण बाजी तक सीमित रह जाएगा।

## न्यूज झरोखा

### पूज्य पिता की पुण्यतिथि पर आयोजित हवन कार्यक्रम में शामिल हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य



**कौशाम्बी।** यूपी के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य अपने एक दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम के तहत रविवार की दोपहर ढाई बजे कौशाम्बी पहुंचे,ड्यूटी सीएम का हेलीकॉप्टर सयारा स्थित बाबू सिंह डिग्री कॉलेज मैदान में उतरा,जहा से डिप्टी सीएम मां शीतला अतिथि गृह पहुंचे और पार्टी पदाधिकारियों कार्यकताओं और विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक की। पार्टी पदाधिकारियों एवम अधिकारियो के साथ बैठक के बाद डिप्टी सीएम अपने निज आवास सिराथू पहुंचे जहा उन्होंने अपनी माता जी एवम परिजनों से मुलाकात की और अपने पूज्य पिता स्वर्गीय श्याम लाल मौर्य की पुण्य तिथि पर आयोजित पूजन हवन कार्यक्रम में शामिल हुए।और शाम को 6 बजे हेलीकॉप्टर से लखनऊ के लिए रवाना हो गए।

### मनोज सिंह संरक्षक तो कमलेश गौतम बने अध्यक्ष



**महेवाघाट कौशाम्बी।** मंझनपुर तहसील के करारी कस्बे में रविवार को पत्रकारों की एक बैठक प्रेस क्लब के बैनर तले हुई जिसमें दर्जनों पत्रकार एकत्रित होकर तहसील प्रेस क्लब का गठन किए।बैठक में पत्रकारों ने सर्वसम्मति से तहसील संरक्षक मनोज सिंह ,तहसील अध्यक्ष कमलेश गौतम व तहसील महामंत्री सुरेश गुप्ता को चुना। रविवार को करारी के नगर पंचायत कार्यालय प्रांगण में पत्रकार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में तहसील क्षेत्र के पांच दर्जन से अधिक पत्रकार शामिल हुए। बैठक में पत्रकार हित,सुरक्षा व प्रेस क्लब के गठन को लेकर वार्ता हुई।इसके साथ ही सभी पत्रकारों ने एक सुर में सर्वसम्मति से निर्विरोध तहसील संरक्षक के पद पर मनोज सिंह ,तहसील अध्यक्ष के पद पर कमलेश गौतम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर मोहम्मद हारून, उपाध्यक्ष इरफान अहमद, उपाध्यक्ष नित्यानंद सोनी, उपाध्यक्ष निहाल शुक्ला, महामंत्री सुरेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष शाहिद अहमद, मंत्री राहुल यादव, मंत्री कृष्ण कुमार उर्फ राजू केशरवानी, संगठन मंत्री मंगला प्रसाद शुक्ला, संयुक्त मंत्री शिवा यादव, प्रचार प्रसार कौशलेंद्र प्रताप चौधरी, आय व्यय निरीक्षक शैलेंद्र मौर्य, विधिक सलाहकार अंकित त्रिपाठी, सलाहकार बृज नंदन द्विवेदी, सलाहकार राजेश साहू, सलाहकार, इम्तियाज सलमानी निर्वाचित हुए। इस मौके पर विजयी पदाधिकारियों को पत्रकारों ने फूल मालाओं से स्वागत करते हुए मुंह मीठा कराया और बधाई दिया।। इस मौके पर गणेश वर्मा,जैगम रिजवी, हंसराज सिंह, सियाराम सिंह,सुनील चौधरी, मेराज शेख,सैयद अली,अनवर खान, आदि लोग मौजूद रहे।

### वॉलीबाल प्रतियोगता में प्रयागराज को हराकर कौशाम्बी ने लहराया परचम



**महगाव कौशाम्बी** रविवार को प्रयागराज के केपी कालेज मे मंडलीय वालींबाल अंडर 19 एवं अंडर 17 प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें अंडर 17 की टीम कौशांबी ने प्रयागराज की टीम को हराया तथा फाइनल विजेता रही वहीं अंडर 19 कौशांबी की उपविजेता रही जिसमें कौशांबी जनपद के कुल सात बच्चे राज्य स्तरीय वालींबाल प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए जिसमें लाल बहादुर शास्त्री इण्टर कालेज का 1 बच्चा तथा रुद्रा फाउंडेशन के कुल 6 बच्चे चयनित हुए ' एक बार फिर रुद्रा फाउन्डेशन के बच्चों ने कौशांबी ही नहीं बल्कि प्रयागराज मंडल मे परचम लहराया तथा नया कीर्तिमान रचा चयनित खिलाडियों को रुद्रा फाउन्डेशन की चेयरमैन श्रीमती अनामिका त्रिपाठी ने बहुत सारी बधाईयाँ दी हैं साथ ही साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे अग्रिम जीत के लिए प्रोत्साहित किया है ' इसी कड़ी मे रुद्रा फाउंडेशन के तकनीकी प्रबंधक अंजनी कुमार त्रिपाठी ने पीटी आई गिरिजेश नारायण पाण्डेय को उनके उत्कृष्ट दिशा निर्देशन के लिए सराहा और खिलाडियों का उत्साह वर्धन किया '

### राइफल शूटिंग में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज के 07 छात्र/छात्राएं राष्ट्रीय स्तर के लिये हुये चयनित




**अझुवा कौशाम्बी।** मेरठ में 04 से 06 अक्टूबर तक आयोजित हुयीं 68 वीं प्रदेशीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में धर्मा देवी इण्टर कॉलेज के 07 छात्र/छात्राएं अपने अपने वर्ग में स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर के लिये हुये चयनित हुई अंडर-14 ओपेन राइफल में पलक जायसवाल ने रजत पदक अंडर-17 ओपेन राइफल में शिखा वर्मा ने रजत नीलू कुशवाहा ने कांस्य ,अंडर-19 ओपेन राइफल में मधु देवी ने रजत,रेशमा देवी ने कांस्य अंडर-19 ओपेन राइफल बालक यश जायसवाल ने कांस्य तथा अंडर-19 पीप राइफल खुशबू देवी ने रजत पदक प्राप्त कर जनपद कौशाम्बी एवं विद्यालय का गौरव बढ़ाया। इनकी इस उपलब्धि पर जिला विद्यालय निरीक्षक कौशाम्बी डॉ. सच्चिदानंद यादव,जिला खेल सचिव श्याम लाल विद्यालय के प्रबंधक रामसुभग त्रिपाठी ,विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. रामकिरण त्रिपाठी एवं विद्यालय के शिक्षकों के द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गयी।बच्चो की इस उपलब्धि का सुखद समाचार मिलते ही विद्यालय परिवार में खुशी की लहर दौड़ गयीं। सभी ने एक दुसरे को बधाई दिया ।

### सिविल जज ने परिवार संग किया मां शीतला का दर्शन



**अझुवा कौशाम्बी** सिविल जज जौनपुर ने रविवार को अपने परिजनों संग शक्तिपीठ कड़ाधाम पहुंचकर मां शीतला का पूरे विधिविधान के साथ दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया है। विदित हो कि आदर्श नगर पंचायत सिराथू निवासी केशरवानी मेडिकल हाल के संचालक बाला जी केशरवानी की पुत्री जागृति केशरवानी का करीब एक वर्ष पूर्व सिविल जज के पद पर चयन हुआ था।इस समय उन्हें जौनपुर जनपद मेंसिविल जज के पद पर तैनाती मिली है। रविवार को सिविल जज जागृति केशरवानी ने अपने परिजनों संग मां शीतला के दरबार कड़ा धाम में अपना मत्था टेका।तीर्थ पुरोहित द्वारा पूरे विधिविधान के साथ सिविल जज को माँ शीतला का दर्शन पूजन कराया गया।इस दौरान उनके पिता बाला जी केशरवानी, मां नीतू केशरवानी, बहन डॉ निमिषा केशरवानी, भाई यशराज केशरवानी सहित अन्य परिजन उपस्थित रहे।

### दशहरा रावण वध स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण



**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने शनिवार देर शाम दुर्गा मंदिर-मंझनपुर स्थित दशहरा रावण वध रामलीला स्थल का निरीक्षण करते हुए वहां पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रावण वध स्थल दशहरा मैदान रामलीला स्थल में साफ सफाई, प्रकाश सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं।

## सम्पादकीय

# साधारण लोगों की तस्वीरों का इस्तेमाल चुनाव प्रचार सामग्री में

**इसमें** कोई दो राय नहीं कि खट्टर से छुटकारा पाकर भाजपा ने हरियाणा में खुद को मुश्किल स्थिति से उबारने में सफलता पाई है। ऐसा लगता है कि यदि भाजपा ने मार्च में खट्टर को हटाने का फैसला नहीं लिया होता तो आज वह चुनावी मुकाबले से पूरी तरह बाहर हो चुकी होती। हरियाणा में लगभग सवा नौ साल तक मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल खट्टर के खिलाफ उपजी नाराजगी को भांप कर भाजपा नेतृत्व ने इस साल मार्च में उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटा दिया था। खट्टर को लोकसभा चुनाव लड़वा कर और केंद्रीय मंत्री पद सौंप कर दिल्ली की राजनीति में स्थापित करने का प्रयास किया गया लेकिन खट्टर का मन हरियाणा में लगा रहा। भाजपा नेतृत्व को जब यह लगा कि खट्टर का नाम नुकसान पहुँचा रहा है तो पूरे चुनाव प्रचार अभियान से खट्टर का नाम और उनकी तस्वीर गायब कर दी गयी। हमने पाया कि भाजपा की हर चुनावी रैली अथवा जनसभाओं के दौरान मंच पर या उसके आसपास लगने वाले पोस्टरों, बैनरों और होडिंगों में खट्टर का नाम और तस्वीर नहीं थी। यही नहीं हरियाणा सरकार की जिन उपलब्धियों के सहारे भाजपा ने चुनाव लड़ा उसमें भी खट्टर की तस्वीर नहीं लगायी गयी। भाजपा ने साधारण लोगों की तस्वीरों का इस्तेमाल चुनाव प्रचार सामग्री में किया। जैसे युवाओं की तस्वीरों के साथ लिखा गया कि बिना खर्ची पर्ची नौकरी दी गयी। किसानों की तस्वीरों के साथ लिखा गया कि 24 फसलों का एमएसपी दे रही हरियाणा सरकार, महिलाओं की तस्वीरों के साथ लिखा गया कि तमाम योजनाओं का लाभ दे रही भाजपा सरकार। इसी प्रकार अन्य उपलब्धियों का बखान करते हुए भी प्रचार सामग्री तैयार करवायी गयी जिसमें आम लोगों की तस्वीरें प्रकाशित की गयी थी।

इसमें कोई दो राय नहीं कि खट्टर से छुटकारा पाकर भाजपा ने हरियाणा में खुद को मुश्किल स्थिति से उबारने में सफलता पाई है। ऐसा लगता है कि यदि भाजपा ने मार्च में खट्टर को हटाने का फैसला नहीं लिया होता तो आज वह चुनावी मुकाबले से पूरी तरह बाहर हो चुकी होती। खट्टर से व्यक्तिगत रूप से लोगों की नाराजगी भाजपा को चुनावों में उसी तरह नुकसान पहुँचा सकती थी जैसे कि राजस्थान विधानसभा के 2018 के चुनावों में देखने को मिला था जब नारे लग रहे थे कि मोदी तुझसे बैर नहीं, वसुंधरा तेरी खैर नहीं। हमसे बातचीत में भाजपा के भी कई समर्थकों और कार्यकताओं ने माना कि यदि खट्टर को हटाने का फैसला एक साल पहले लिया गया होता तो लोकसभा चुनावों में भी हम सारी सीटें जीत सकते थे।

इसे भी पढ़ें: मोहब्बत की दुकान में मिल रहा नशे का सामान, 5600 करोड़ की जब्त ड्रग्स में आया कांग्रेस नेता का नाम, इखढ का वार

इसके अलावा, 15 दिनों पहले जब हमने हरियाणा विधानसभा चुनाव प्रचार की कवरेज की शुरूआत की थी उस समय सब जगह कांग्रेस की हवा ही दिख रही थी लेकिन एक एक दिन बीतने के साथ यह हवा हमें धीमी पड़ती दिखी और अब जब चुनाव प्रचार खत्म हो चुका है तो कहा जा सकता है कि हवा किसी एक के पक्ष में नहीं है बल्कि कांटे का मुकाबला देखने को मिल सकता है।

# हरियाणा में बैकफुट पर बीजेपी !

– प्रो. रविकांत

**पिछले दो** साल में राहुल गांधी ने अटूट परिश्रम, निष्ठा और निर्भय नैतिकता से जन सामान्य में जो विश्वसनीयता हासिल की है, इसका सीधा फायदा हरियाणा चुनाव में कांग्रेस को मिलता हुआ दिख रहा है। राहुल गांधी ने राष्ट्रीय मुद्दों के साथ हरियाणा के स्थानीय मुद्दों को भी बड़े पैमाने पर उठाया है। हरियाणा के स्थानीय मुद्दों में बेरोजगारी, किसानों को एमएसपी, महिला पहलवानों का अपमान तथा बढ़ती हुई नशाखोरी की लत को राहुल गांधी ने बेहद आक्रामक अंदाज में उठाया।




हरियाणा में चुनाव प्रचार थम गया है। आखिरी दो दिन नरेंद्र मोदी और अमित शाह के चुनाव प्रचार में नहीं जाने को लेकर ढेर सारे सवाल खड़े हो रहे हैं। जबकि दूसरी तरफ राहुल गांधी ने अपनी बहन प्रियंका गांधी के साथ अंतिम चार दिन हरियाणा में ही डेरा जमाए रखा। लोग पूछ रहे हैं कि क्या भारतीय जनता पार्टी डेरा सच्चा सौदा के प्रमुख और बलात्कार एवं हत्या के केस में सजायाफ्ता राम रहीम को पैरोल पर रिहा करवाकर चुनाव जीतना चाहती है? आखिर जो भाजपा राम के भरोसे चुनाव नहीं जीत सकी, वह राम रहीम के भरोसे कैसे चुनाव जीत सकती है? वस्तुतः राहुल गांधी ने हरियाणा कांग्रेस के चुनाव प्रचार को अपने हाथ में लेकर भाजपा और खासकर नरेंद्र मोदी को बैकफुट पर जाने के लिए मजबूर कर दिया है।

भाजपा के पिछले दस साल के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि नरेंद्र मोदी चुनाव के आखिरी दो दिन प्रचार करने के लिए नहीं गए। नरेंद्र मोदी चुनावी प्रचार के लिए खासे मशहूर हैं। लोकसभा और विधानसभा तो क्या, नगरपालिका के चुनाव में भी वह प्रचार करने में संकोच नहीं करते हैं। जब तक चुनाव प्रचार चलता है, वे कतई प्रधानमंत्री नहीं लगते, बल्कि नितांत भाजपा के नेता और आरएसएस के खांटी प्रचारक सरीखा व्यवहार करते हैं। उन्होंने कभी आचार संहिता की चिंता नहीं की। जब चुनाव फंसने लगता है तो वह इमोशनल ड्रामा से लेकर सांप्रदायिक और नफरती बयानों पर उतर आते हैं।

लेकिन हरियाणा चुनाव में उन्होंने चुनाव प्रचार की अंतिम तारीख से दो दिन पहले ही मैदान छोड़ दिया। जो नरेंद्र मोदी अंतिम कोशिश तक चुनाव जीतने के लिए लड़ते रहे हैं, वे हरियाणा का कुरुक्षेत्र छोड़कर अन्यत्र व्यस्त हैं। यह भी अपने आप में अनूठा उदाहरण है। अब सवाल यह है कि मोदी और शाह द्वारा बनाई गई दूरी के कारण और इसके मायने क्या हैं? क्या मोदी और शाह ने हरियाणा में हार को देखते हुए आत्मसमर्पण कर दिया है? दरअसल, भाजपा के पास हरियाणा में ना तो कोई चेहरा है और ना ही एजेंडा। मनोहर लाल खट्टर हों या नायब सिंह सैनी, कोई भी जीत की गारंटी नहीं है। बीजेपी के सबसे बड़े ब्रांड नरेंद्र मोदी भी अब जीत की गारंटी नहीं रहे हैं। कांग्रेस का किसान, जवान, पहलवान के साथ भारतीय संविधान का एजेंडा इतना भारी हो गया है कि नरेंद्र मोदी का हिंदुत्व कार्ड फीका पड़ गया। इसीलिए नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने हरियाणा का मैदान छोड़कर दिल्ली दरबार में रहना मुनासिब समझा।

एक सवाल यह भी है कि राहुल गांधी चुनाव प्रचार के आखिरी चार दिन हरियाणा में ही क्यों जमे रहे। दरअसल, हरियाणा कांग्रेस में अंतर-विरोध की खबरें आ रही थीं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा के खिलाफ कुमारी शैलजा की नाराजगी की चर्चा के कारण हरियाणा में 20.17 प्रतिशत दलित मतदाताओं को भ्रमित करने की कोशिश बीजेपी कर रही थी। जबकि लोकसभा चुनाव में दलितों के वोटों के कारण ही कांग्रेस पार्टी भारतीय जनता पार्टी को पांच सीटें हराने में कामयाब रही। इसके पीछे संविधान बचाने की राहुल गांधी की मुहिम थी। फिलहाल, राहुल गांधी ने इस बात को महसूस कर लिया है कि हरियाणा में स्थानीय क्षत्रपों के बीच मनमुटाव और तनाव की खबरें कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकती हैं। इसलिए राहुल गांधी ने आखिरी चार दिन विजय संकल्प रैली में लगाए। प्रियंका गांधी उनके साथ रहीं। इसका सबसे बड़ा फायदा कांग्रेस पार्टी को यह हुआ कि चेहरों की लड़ाई राहुल गांधी के आने से खत्म हो गई।

पिछले दो साल में राहुल गांधी ने अटूट परिश्रम, निष्ठा और निर्भय नैतिकता से जन सामान्य में जो विश्वसनीयता हासिल की है, इसका सीधा फायदा हरियाणा चुनाव में कांग्रेस को मिलता हुआ दिख रहा है। राहुल गांधी ने राष्ट्रीय मुद्दों के साथ हरियाणा के स्थानीय मुद्दों को भी बड़े पैमाने पर उठाया है। हरियाणा के स्थानीय मुद्दों में बेरोजगारी, किसानों को एमएसपी, महिला पहलवानों का अपमान तथा बढ़ती हुई नशाखोरी की लत को राहुल गांधी ने बेहद आक्रामक अंदाज में उठाया। इन समस्याओं के लिए राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी को खूब घेरा।

नरेंद्र मोदी ने अपने कॉरपोरेट मित्रों को फायदा पहुंचाने के लिए स्थानीय रोजगार छीन लिया। यहां तक कि जो छोटे-मोटे लघु और मध्यम उद्योग थे, लगभग खत्म हो गए। दिल्ली से सटा हुआ हरियाणा का गुड़गांव; बेंगलुरु और हैदराबाद की तरह ही आईटी का हब है। बहुत सारी देशी-विदेशी कंपनियों के बड़े ऑफिस हैं। लेकिन हरियाणा के नौजवानों के लिए रोजगार लगातार घटता चला गया। इस वजह से नौकरी की तलाश में नौजवानों को डंकी बनकर अमेरिका और यूरोप मजबूर होकर जाना पड़ा। अमित मान के जरिए राहुल गांधी ने बेरोजगारी के दंश और यातना भरी यात्रा को बेहद मार्मिक अंदाज में लोगों के सामने पेश किया।

अमेरिका में अमित मान से मुलाकात और फिर करनाल में उसके परिवार से मिलने का वीडियो को जारी करते हुए राहुल गांधी ने बेरोजगार परिवारों के घरों की स्थितियों का भावुकतापूर्ण वर्णन किया। यह राहुल गांधी का नया अंदाज है। वह ऐसी घटनाओं को सामने लाकर पूरे समाज के सच को बयां कर रहे हैं। यह लोगों से सीधा कनेक्ट करने का बेहतरीन तरीका है। इसी तरह से हरियाणा के करीब एक दर्जन जिलों में बढ़ती नशाखोरी की लत को मोदी और अडानी से जोड़ते हुए राहुल गांधी ने इस समस्या को बेपर्दा किया।

गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पर पकड़ी गई 3400 किलोग्राम हीरोइन और कोकीन का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने पूछा कि नरेंद्र मोदी के दोस्त अडानी के पोर्ट पर हीरोइन की जब्ती के गुनहगारों को क्यों नहीं पकड़ा गया? इससे यह भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि कितनी मात्रा में ड्रग्स देश में कहां-कहां पहुंचाई गई होगी। करोड़ों नौजवानों को यह जहर बेचा जा रहा है। क्या इसकी सटीक जानकारी मिल ही नहीं सकती है? ड्रग्स के जरिए भारत के नौजवानों को भीतर से खोखला और अपाहिज किया जा रहा है। नशा उन देशों में ज्यादा तेजी से पैर पसारता है जिस समाज में बेरोजगारी या नौजवानों के बीच कुंठा पसरी हो।

मोदी के भारत में, ये दोनों ही चीजें साफ पसरी हुई हैं। ऐसे में व्यापारी हो या नेता; अगर सत्ता और लाभ हासिल करने के लिए नौजवानों तक यह जहर पहुंचाया जाता है तो उनसे बड़ा देशद्रोही कोई नहीं हो सकता। लेकिन क्या आने वाले समय में ड्रग्स माफिया, कॉरपोरेट और राजनीतिकों के बीच की इस दुरभि-संधि को खत्म करके गुनहगारों को सजा दी जाएगी? राहुल गांधी के सामने यह बड़ी चुनौती होगी।

# दुनिया को रहने योग्य बनाने के लिए फिर लौटना होगा गांधी की ओर


– डा. सुदर्शन अयंगर

**इस तरह** गांधी अपना 'स्वराज' हासिल करने की राह पर चलते रहे। हम में से प्रत्येक को आत्मावलोकन, आत्म-परीक्षा और आत्म-सुधार के जरिए ऐसा करने का प्रयास करना चाहिए। विश्व के सभी देशों को नीति के रूप में सत्ता के राजनीतिक और आर्थिक विकेंद्रीकरण को अपनाना होगा। इस प्रक्रिया से प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन पर नियंत्रण आरंभ हो सकेगा।

2अक्टूबर को हमने फिर गांधी को याद किया। यह आश्वस्त करने वाली बात है कि कम से कम उन्हें याद करने की परंपरा जारी है। हम आशा करें कि इस परंपरा की सहायता से अहिंसा की फिलॉसफी किसी दिन मानवता की प्रकृति बन जाएगी। 2022 तक यह तर्क दिया जाता था कि युद्ध कम हो गए लेकिन सशस्त्र संघर्ष बढ़ गए थे। फिर रूस-यक्रेन युद्ध आरंभ हुआ और राष्ट्र संघ के अनुसार सिर्फ 2022 में संघर्ष से संबंधित मामलों में नागरिक मौतों में 50 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि देखी गई। फिलीस्तीन पर इजरायली हमलों और बमबारी ने इस वैश्विक स्थिति को बदतर बना दिया है। अब हमारे पास फिलिस्तीनी लोगों की मृत्यु एवं दुखों का एक अंतहीन सिलसिला है। युद्ध के दुख के अतिरिक्त अन्य तरीकों और साधनों से भी हिंसा होती है जिसे मोटे तौर पर 'संघर्ष' के रूप में ब्रांडेड किया जाता है।

संघर्ष अब निरंतर, अंतहीन और सामान्य होते जा रहे हैं। उन्हें कभी-कभी इस अर्थ में कम घातक माना जाता है जब अक्सर दो पूर्ण या समान रूप से शक्तिशाली देशों के बजाय घरेलू समूहों के बीच हिंसा होती है। अनसुलझे क्षेत्रीय तनाव, कानून-व्यवस्था के भंग होने, सरकारी या सहकारी संस्थानों की अनुपस्थिति, अवैध आर्थिक लाभ तथा जलवायु परिवर्तन की समस्या के कारण संसाधनों की कमी संघर्ष के प्रमुख कारण बन गए हैं। इसके अलावा राष्ट्र संघ ने यह भी नोट किया है कि 'तकनीकी प्रगति ने घातक स्वायत्त हथियारों तथा साइबर हमलों, बॉट्स और ड्रोन के सशस्त्रीकरण एवं चरमपंथी हमलों के टीवी पर सीधे प्रसारण ने भी चिंताएं बढ़ाई हैं।' इसके साथ ही 'डेटा हैक और रैंसमवेयर (किसी उपभोक्ता या संगठन के कम्प्यूटर सिस्टम में घुसकर उसके डेटा हैक कर संबंधित व्यक्ति से मोटी रकम की मांग करना) जैसी आपराधिक गतिविधियों में वृद्धि के कारण अंतरराष्ट्रीय सहयोग की गतिविधियां तनाव में हैं जो सभी रूपों में संघर्ष व हिंसा की रोकथाम तथा समाधान की वैश्विक क्षमता को कम कर रहा है।'

ग्लोबल पीस इंडेक्स- 2024 में कहा गया है कि इस समय 92 देश संघर्षों में शामिल हैं। गाजा और यूक्रेन संघर्ष वैश्विक शांति में गिरावट के प्राथमिक कारण हैं। पिछले साल



केवल संघर्षों के कारण लगभग 162,000 मौतें हुईं। अमेरिकी सैन्य क्षमता चीन की तुलना में तीन गुना अधिक है। संघर्ष के कारण 2023 में वैश्विक जीडीपी पर 13.5 प्रश या 19.1 ट्रिलियन डॉलर का असर पड़ा। प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण और नीतियों, विशेष रूप से अमेरिका-चीन मतभेदों को भी विभिन्न देशों के बीच और घरेलू संघर्षों की श्रृंखला का एक कारण माना जाता है।

एक चिंताजनक पहलू यह भी है कि दुनिया के कुछ हिस्सों में हत्याओं की घटनाएं बढ़ रही हैं जबकि विश्व स्तर पर लिंग आधारित हमले बढ़ रहे हैं। सारे विश्व में यह माना जा रहा है कि बच्चों के खिलाफ हिंसा सहित पारस्परिक हिंसा की घटनाओं से विकास पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ रहा है।

गांधी आज भी दुनिया में इन घटनाओं के मूक गवाह बने हुए हैं। मानवता इस बात से अनजान है और भूल गई है कि प्रकट हिंसा और संघर्षों का गहरा संबंध है कि हम कैसे सोचते हैं, व्यवहार करते हैं और जीते हैं। अज्ञानता और बौद्धिक अहंकार व्यक्तिगत जीवन में संकट लाते हैं। ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा दांव पर हैं। लोभ और भोग की वजह से मानवीय गुणों की जगह विकारों ने घेर ली है। उच्चतम सार्वजनिक पदों पर बैठे लोग शायद ही चरित्रवान होते हैं। यह एक बुनियादी संकट है।

गांधी जयंती का यह अवसर कुछ उदात्त विचारों की पेशकश करने या नैतिक आधार लेने के लिए नहीं है। हम यह स्वीकार करें कि देश और स्थान के बावजूद हमारा चरित्र सामूहिक रूप से हम सभी के सामूहिक व्यवहार में प्रकट होने के लिए जिम्मेदार है। एक शांतिपूर्ण दुनिया बनाने के लिए लोगों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता को आत्म-विनियमन और संभालने के लिए शिक्षित करना होगा जहां न्यूनतम संघर्ष और हिंसा हो।

व्यक्तिगत स्वतंत्रता ने सामाजिक मानदंडों तथा देश के कानूनों की अनदेखी, उल्लंघन और तोड़-फोड़ करने वाले स्वेच्छाचारी व्यवहार को जन्म दिया है। गांधी ने 'हिंद स्वराज्य' में 19वीं सदी के जाने-माने जीवविज्ञानी और मानवविज्ञानी थॉमस हेनरी हक्सली को उद्धत किया है- 'मुझे लगता है कि वह आदमी जिसे अपनी युवावस्था में इतना प्रशिक्षित किया गया है कि उसका शरीर उसकी इच्छा का तैयार सेवक है और आसानी और खुशी के साथ वह सब काम करता है, जो एक तंत्र के रूप में वह करने में सक्षम है; जिसकी बुद्धि साफ है,उसे स्वार्थहीन शिक्षा प्राप्त हुई है.., जिसका मन प्रकृति के महान और मौलिक सत्य एवं उसके संचालन के नियमों के ज्ञान के साथ संग्रहीत है .., जानता है कि जुनून को एक जोरदार इच्छा से पैरों तले आने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है, एक संवेदनशील विवेक का सेवक .., सभी प्रकार की दुष्टता से घृणा करना और अपने समान ही दूसरों का सम्मान करना। मुझे लगता है कि उसे स्वार्थहीन शिक्षा मिली है क्योंकि वह प्रकृति के साथ सद्भाव में है। वह प्रकृति को और प्रकृति उसे सबसे अच्छा बना देगी।'

दुर्भाग्य से अगली पीढ़ी को उपरोक्त वर्णित भावना में शिक्षित करने में दुनिया भर की शिक्षा प्रणाली विफल रही है। हिंसा एक दिन में खत्म नहीं होगी। इसके लिए हमें अगली पीढ़ियों को शिक्षित करना है। गांधी ने साबित किया था कि शिक्षा शास्त्र और शिक्षा की फिलॉसफी मन,कर्म व बुद्धि को शिक्षित करने के क्रम में थी।

प्रचलित शिक्षा प्रणाली अप्रत्यक्ष रूप से प्रतिस्पर्धा और 'मैं पहले' की भावना को जन्म देती है। यह सहयोग, करुणा और प्रेम की भावना को खत्म करती है। प्रतियोगिता एक 'अच्छे जीवन' के लिए है। अच्छे जीवन को शारीरिक आराम और आनंद के रूप में देखा जा रहा है। यह व्यक्तियों को जीवन में खुशी की ओर ले जाने में समर्थ नहीं है। व्यक्तियों की वृद्धि और विकास का मापदंड भौतिक संसाधनों की असीमित मांग और उनकी निर्बाध आपूर्ति को माना जाता है और यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि में परिलक्षित होता है।

अब यह समझा जाता है कि किसी देश के अंदर और देशों के बीच संघर्ष मुख्य रूप से प्राकृतिक और मानव निर्मित संसाधनों को नियंत्रित करने के लिए होता है जो शारीरिक आराम और आनंद के लिए भौतिक वस्तुओं तथा सेवाओं का उत्पादन करते हैं। बेशक, एक वर्ग है जो दावा करता है कि यह प्रकृति को यथासंभव गहराई से जानने और पृथ्वी को समृद्धि के साथ सबसे अच्छा जीवित ग्रह बनाने के लिए सत्य की खोज है। प्रतिस्पर्धा, संघर्ष व अनियंत्रित उपभोग के साथ-साथ चारित्रिक संकट ने तथाकथित उदार समाजों और देशों को बचाने एवं उन पर हमला करने के लिए धार्मिक कट्टरवाद को प्रेरित किया है। जातीय हिंसक संघर्षों में भी अनिवार्य रूप से राजनीतिक और आर्थिक नियंत्रण होते हैं। संसाधनों पर कब्जे को सक्षम करने के लिए शक्ति तथा प्रभुत्व की वैश्विक भूख ने एक-दूसरे के प्रति नफरत को बढ़ावा दिया है। यह बहुत तार्किक नहीं लग सकता तथा राजनीतिक-आर्थिक शक्ति के खेल एवं बढ़ते धार्मिक कट्टरवाद के बीच संबंध कमजोर दिखाई दे सकते हैं, लेकिन एक गहरा प्रतिबिंब कनेक्शन को प्रकट करेगा। गांधीजी ने सौ साल से भी अधिक समय पहले आधुनिकता की नकारात्मक विशेषताओं पर अच्छी तरह से चर्चा की है जिसने कुछ पारंपरिक समाजों को धार्मिक कट्टरवाद का सहारा लेने, पुरातन विश्वासों के माध्यम से अपनी आबादी को गुलाम बनाने और धर्म-आधारित सभ्यता की स्थापना के नाम पर खूनी युद्ध करने के लिए उनका ब्रेनवॉश करने के लिए प्रेरित किया है। यह मानवता के लिए शुभ संकेत नहीं है। नस्ल, आर्थिक असमानता, धर्म व नस्लीय पूर्वाग्रह प्रतिशोध के साथ वापस आ गए हैं एवं दुनिया में प्रकट और संरचनात्मक हिंसा को बढ़ावा देंगे। मानवता आखिर इससे कैसे बच निकलती है? गांधीजी ने एक जीवन जिया और उसे दिखाया। अपने जीवन के अंतिम दिन तक वे अपनी कमजोरियों पर चिंतन करते रहे और अपने चरित्र को मजबूत करने के लिए उन्हें दूर करने की कोशिश की।

इस तरह गांधी अपना 'स्वराज' हासिल करने की राह पर चलते रहे। हम में से प्रत्येक को आत्मावलोकन, आत्म-परीक्षा और आत्म-सुधार के जरिए ऐसा करने का प्रयास करना चाहिए। विश्व के सभी देशों को नीति के रूप में सत्ता के राजनीतिक और आर्थिक विकेंद्रीकरण को अपनाना होगा। इस प्रक्रिया से प्राकृतिक संसाधनों के अत्यधिक दोहन पर नियंत्रण आरंभ हो सकेगा।

शूमाकर कॉलेज, डेवोन, (यूके) के संस्थापक सतीश कुमार के शब्दों में, 'आत्मा का पोषण करना, समाज में दूसरों से प्यार करना और धरती की देखभाल करना मानवता को अहिंसक दुनिया की ओर ले जाएगा।' वास्तव में यही महात्मा गांधी का संदेश है।

# विश्व के वित्तीय एवं निवेश संस्थान भारत के आर्थिक विकास के अनुमानों को बढ़ा रहे हैं

**प्रह्लाद सबनानी**

**वैश्विक** स्तर पर वित्तीय संस्थानों द्वारा भारत के आर्थिक विकास दर के सम्बंध में लगाए जा रहे अनुमानों के अनुसार यदि भारत आगे आने वाले वर्षों में प्रतिवर्ष 6.7 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल करता है तो भारत वर्ष 2031 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

आज जब विश्व में कई विकसित एवं विकासशील देशों की अर्थव्यवस्थाओं में विभिन्न प्रकार की आर्थिक समस्याएं दिखाई दे रही है, वैश्विक स्तर पर कई प्रकार की विपरीत परिस्थितियों के बीच भी भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। कई विदेशी एवं निवेश संस्थान भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि के सम्बंध में पूर्व में दिए गए अपने अनुमानों में संशोधन कर रहे हैं कि आगे आने वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था में विकास की गति और अधिक तेज होगी।

विशेष रूप से कोरोना महामारी के पश्चात भारत ने आर्थिक विकास के क्षेत्र में तेज रफ्तार पकड़ ली है। भारत में आर्थिक क्षेत्र में सुधार कार्यक्रमों को लागू किया गया है। स्टैंडर्ड एवं पूअर (एसएंडपी) नामक विश्व विख्यात क्रेडिट रेटिंग संस्थान ने हाल ही में अपने एक प्रतिवेदन में बताया है कि भारत, केलेंडर वर्ष 2024 में एवं इसके बाद के वर्षों में 6.7 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर के साथ वर्ष 2031 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा तथा भारतीय अर्थव्यवस्था का वैश्विक अर्थव्यवस्था में योगदान वर्तमान के 3.6 प्रतिशत से बढ़कर 4.5 प्रतिशत के स्तर पर पहुंच जाएगा। साथ ही, भारत में प्रति व्यक्ति आय भी बढ़कर उच्च मध्यम आय समूह की श्रेणी की हो जाएगी। भारत के सकल घरेलू उत्पाद का आकार भी वर्तमान के 3.92 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 7 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। हालांकि एसएंडपी ने भारत में आर्थिक विकास दर के 6.7 प्रतिशत प्रतिवर्ष बढ़ने का अनुमान लगाया है जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में भारत की आर्थिक विकास दर के 7.3 प्रतिशत के अनुमान के विरुद्द 8.2 प्रतिशत की रही है। भारत में अब सरकारी क्षेत्र के साथ ही निजी क्षेत्र भी पूंजीगत खर्चों को बढ़ाने पर ध्यान देता हुआ दिखाई दे रहा है, इससे आगे आने वाले समय में केंद्र सरकार पर पूंजीगत खर्चों में वृद्धि करने सम्बंधी दबाव कम होगा और केंद्र सरकार का बजटीय घाटा और अधिक तेजी से कम होगा, जिससे अंततः विदेशी निवेशक भारत में अपना निवेश बढ़ाने के लिए आकर्षित होंगे।

इसी प्रकार, विश्व बैंक एवं अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी वर्ष 2024, 2025 एवं 2026 में भारत के आर्थिक विकास सम्बंधी अपने अनुमानों के बढ़ाया है। विश्व बैंक का तो यह भी कहना है कि भारत ने केलेंडर वर्ष 2023 में विश्व के वार्षिक आर्थिक विकास में 16 प्रतिशत का योगदान दिया है और इस प्रकार भारत अब विश्व में आर्थिक विकास के इंजिन के रूप में कार्य करता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत ने वर्ष 2023 में 7.2 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल की थी, जो विश्व की अन्य उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं द्वारा इसी अवधि में हासिल की गई विकास दर से दुगुनी थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत की आर्थिक विकास दर के वर्ष 2024 के अपने पूर्व अनुमान 6.7 प्रतिशत की विकास दर को बढ़ा कर 7 प्रतिशत कर दिया है।

ओईसीडी देशों के समूह ने भी वर्ष 2024 एवं 2025 में वैश्विक स्तर पर आर्थिक प्रगति के अनुमान जारी किए हैं। इन अनुमानों के अनुसार, वैश्विक स्तर पर वर्ष 2024 एवं 2025 में सकल घरेलू उत्पाद में 3.2 प्रतिशत की वृद्धि हासिल की जा सकेगी। वहीं भारत की आर्थिक विकास दर वर्ष 2024 के 6.7 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 2025 में 6.8 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। चीन की आर्थिक विकास दर वर्ष 2024 में 4.9 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2025 में 4.5 रहने की सम्भावना है। इसी प्रकार रूस एवं अमेरिका की आर्थिक विकास दर भी वर्ष 2024 में क्रमशः 3.7 प्रतिशत एवं 2.6 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2025 में क्रमशः 1.1 प्रतिशत एवं 1.6 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। कुल मिलाकर आज विश्व के लगभग समस्त वित्तीय एवं निवेश संस्थान आगे आने वाले वर्षों में भारत की आर्थिक विकास दर के बढ़ने के अनुमान लगा रहे हैं।

वैश्विक स्तर पर वित्तीय संस्थानों द्वारा भारत के आर्थिक विकास दर के सम्बंध में लगाए जा रहे अनुमानों के अनुसार यदि भारत आगे आने वाले वर्षों में प्रतिवर्ष 6.7 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल करता है तो भारत वर्ष 2031 तक विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। इसके ठीक विपरीत भारत ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 8.2 प्रतिशत की आर्थिक विकास दर हासिल की थी एवं भारतीय रिजर्व बैंक के अनुमान के अनुसार भारत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 7 प्रतिशत से अधिक की आर्थिक विकास दर हासिल करेगा, इस प्रकार तो भारत वर्ष 2031 के पूर्व ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। दूसरे, विश्व में भारत से आगे जापान एवं जर्मनी की अर्थव्यवस्थाएं हैं, आज इन दोनों देशों की अर्थव्यवस्थाओं में कई प्रकार की समस्याएं दिखाई दे रही हैं जिनके चलते इन देशों की आर्थिक विकास दर आगे आने वाले कुछ वर्षों में शून्य रहने की सम्भावना दिखाई दे रही है। इस प्रकार, बहुत सम्भव है कि भारत मार्च 2025 तक जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा एवं मार्च 2026 अथवा मार्च 2027 तक जर्मनी की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ देगा और भारत को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए वर्ष 2031 तक इंतजार ही नहीं करना पड़ेगा।

## बुंदेलखंड के किसानों को बीमा कंपनियां लग रही है चूना: अमित

### 25 हजार प्रति एकड़ किसानों को मिले क्षतिपूर्ति

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भाकपा जिला काउंसिल की बैठक का राजेंद्र कुमार की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय में हुई। कहा कि अतिवृष्टि से तिल, उर्द, ज्वार, बाजरा, लोबिया व मूंगफली की फसलें नष्ट हो गई है।

धान की फसल प्रभावित हुई है। फसल बीमा कंपनियां बुंदेलखंड में किसानों से बीमा वसूली कर मालामाल हो रही है। हर फसल में बीमा कंपनियां अरबों रूपये वसूल रही है। मुआवजे के नाम पर कुछ लाख रुपये देकर लापता हो जाती हैं।रविवार को का अमित यादव ने कहा कि बुंदेलखंड में हर वर्ष अतिवृष्टि, ओलावृष्टि, सूखा, बाढ़, अति तापमान से फसल प्रभावित होती है। शासन व कृषि विभाग तथा फसल बीमा कंपनियां अनदेखा करती हैं। जिसे पार्टी बर्दास्त नहीं करेगी। कहा कि ग्रामीण स्तर पर जर्जर लाइनों व अच्छी क्वालिटी के फीडर न होने से किसानों को 24 घंटे बाद तीन फेस बिजली मिलती है। सांसद को सांसद निधि से बिजली उत्पादन के फीडरों व लाइनों के मेंटेनेंस में खर्च करना चाहिए। शासन से अपील किया कि 25 हजार रुपये प्रति एकड़ किसानों को फसल की क्षतिपूर्ति दी जाये। बैठक में का चंद्रपाल पाल, का संदीप पाण्डेय, रामू, रविकरन, सुशील सिंह, दिनेश, राजधर विश्वकर्मा, शिवबरन, रामचंद्र समेत आदि मौजूद रहे।

## राजस्व वादों का शत-प्रतिशत हो निस्तारण: डीएम

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने राजस्व वादों की साप्ताहिक बैठक में आंगनबाड़ी निर्माण व चारागाह भूमि के चिन्हांकन बाबत संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये।

रविवार को डीएम ने कहा कि किसी भी स्तर पर राजस्व वादों के निस्तारण में लापरवाही नहीं होनी चाहिए। राजस्व वादों का शत-प्रतिशत निस्तारण हो। चारागाह की भूमि चिन्हित कर उपलब्ध करायें। आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण, चारागाह, आरआरसी सेंटर समेत अन्य विभागीय योजनाओं के निर्माण को शासकीय भूमि का चिन्हांकन कर संबंधित विभाग आख्या दें। जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास व जिला पंचायत राज अधिकारी से कहा कि जिन गांवों में



बैठक में निर्देश देते डीएम।

आंगनबाड़ी केंद्र निर्माण व आरआरसी सेंटर निर्माण को जमीन चिन्हित की जानी है, तो संबंधित उप जिलाधिकारियों को सूची दें। जिससे निर्माण कार्य कराया जा सके। बैठक में सीडीओ अमृतपाल कौर, एडीएम एफआर उमेश चन्द्र निगम, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी कर्वी सुश्री पूजा साहू, उप जिलाधिकारी मानिकपुर पंकज वर्मा, मऊ सौरभ यादव, परियोजना निदेशक डीआरडीए सच्चिदानंद प्रसाद, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ सुभाष चन्द्र, जिला पंचायत राज अधिकारी इंद्र नारायण सिंह समेत संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



गोदाम की जांच करती पुलिस।

## बारूद लाइसेंस धारकों के जांचे लाइसेंस

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नवरात्रि/दशहरा/दीपावली पर्व के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एसडीएम श्रीमती पूजा साहू व सीओ सिटी राजकमल ने कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में कोतवाली क्षेत्र में बारूद लाइसेंस धारकों व भंडारण करने वालों, पटाखा लाइसेंस धारकों के साथ भंडारण करने वाले स्थान का भौतिक निरीक्षण किया। उनके लाइसेंस जांचे गये।

## हजारों शिक्षकों ने ईमानदार अधिकारियों का किया सम्मान

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** उप्र प्राथमिक शिक्षक संघ ने जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग विश्वविद्यालय के अष्टावक्र सभागार मे शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी व सम्मान समारोह में जिले के दो हजार शिक्षकों ने बीएसए के सकारात्मक शैक्षणिक माहौल बनाने को सभी अधिकारियों का आभार जताया।

रविवार को जिलाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय ने कहा कि जिले के शिक्षक पिछले तीन वर्ष से भ्रष्टाचार-शोषण के शिकार थे। नियमविरुद्ध कार्यवाई कर शिक्षकों का उत्पीड़न हो रहा था। शिक्षक बार-बार कार्यालय के चक्कर लगाकर परेशान थे। वर्तमान जिला बेसिक शिक्षाधिकारी ने कार्यभार ग्रहण करने के दूसरे दिन ही सभी



अधिकारियों का आभार जताते शिक्षक।

खण्ड शिक्षाधिकारियों को पत्र देकर शिक्षकों से प्रत्यावेदन प्राप्त कर आख्या देने के निर्देश दिये। आख्या के बाद पांच सौ शिक्षकों की वर्षों से लम्बित कार्रवाई को जीरो टॉलरेंस व्यवस्था के अनुसार बहाल किया। शिक्षकों की मांग पर शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी व सम्मान समारोह का आयोजन किया है। राज्य स्तरीय बाल क्रीडा प्रतियोगिता मे विजेता छात्र/छात्राओं व टीम इंचार्ज को शील्ड तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

बतौर मुख्य अतिथि बीएसए ने कहा कि शिक्षकों से संवाद कर शासन की मंशानुसार कार्य करने व निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त करने के निर्देश दिये हैं। अच्छे शिक्षकों का विद्यालय जाकर सम्मान किया जायेगा। निर्देश के बाद जो शिक्षक लापरवाही करेंगे, सुधार नहीं करेंगे- गरीब बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड करेंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

अपील किया कि गरीब बच्चों मे भगवान का रूप है। कार्य ही पूजा है को लक्ष्य बनाकर गरीब बच्चों को मन व लगन से काम करना है। विभाग का कायाकल्प होगा, साथ ही आप सबका भी कायाकल्प होगा। वित एवं लेखाधिकारी ने कहा कि वे शिक्षकों के वेतन, अवशेष सम्बंधी कार्य समयबद्ध व भ्रष्टाचार मुक्त करेंगे। उनके समय में शिक्षकों को कोई समस्या नहीं होगी। इस मौके पर कार्यक्रम व्यवस्था को आराधना सिंह, शहनाज बानो, शकुंतला वर्मा, वंदना यादव, खुशबू जायसवाल, शिवानी गुप्ता, सोनाक्षी पांडे, स्नेहलता, अतुल द्विवेदी, अमित पाण्डेय, वीरभान सिंह, अमित यादव, व्यासनारायण, राम भूषण पांडे, शिवभूषण त्रिपाठी, शारदेंदु शुक्ला, अनन्त प्रकाश त्रिपाठी, अभिषेक पांडे, मनीष शुक्ला, मनोज शुक्ला, सुशील कुमार, देव यादव, बिहारी लाल, अशोक तिवारी, विराग शुक्ला आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम उद्घाटन सत्र का संचालन साकेत बिहारी शुक्ला व स्वागत बाद संचालन अरुण श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम स्वागत जिला मंत्री नारायण सिंह व आभार वरिष्ठ उपाध्यक्ष आलोक गर्ग ने किया।

## वाहन चालकों को यातायात नियमों की दी जानकारी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** दो से 16 अक्टूबर तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के तहत परिवहन विभाग के प्रवर्तन अधिकारी विवेक कुमार शुक्ला, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी सुश्री दीप्ति त्रिपाठी, यात्रीकर/मालकर अधिकारी ने जिले के मुख्य मार्गों व चैराहों में ओवरलोडिंग, गलत नम्बर प्लेट, बिना एचएसआरपी लगे वाहन, सड़क किनारे खड़े अवैध वाहनों तथा रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की। लेन ड्राइविंग बाबत चालकों को जागरूक किया। सड़क सुरक्षा के मद्देनजर वाहन चालकों को रात्रि में हेडलाइट के हाई बीम/लो बीम के प्रयोग बाबत जानकारी देकर जागरूक किया गया। वाहन चालकों व आम जनता को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी देते हुये पालन को प्रेरित किया।

## नवरात्रि/दशहरा पर्व पर आयोजकों को बताई गाइडलाइन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** नवरात्रि/दशहरा त्योहार व मूर्ति विसर्जन बाबत पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर एसडीएम श्रीमती पूजा साहू, सीओ सिटी राजकमल व एसडीओ बिजली विभाग ने कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में नवरात्रि पर्व के मद्देनजर कोतवाली कर्वी में दुर्गा प्रतिमा रखने वाले संयोजकों/आयोजकों के साथ पीस कमेटी की बैठक की। रविवार को संयोजकों/आयोजकों की समस्याओं को सुनकर शासन ो निर्धारित गाइडलाइन व कानूनी प्राविधानों के बारे में जानकारी दी। कहा कि शान्तिपूर्ण वातावरण बनाये। सुरक्षा का भरोसा दिया। शासन से निर्धारित ध्वनि सीमा के अन्दर ही लाउड स्पीकर का प्रयोग करें। विसर्जन के समय ध्यान रखें कि मूर्ति के साथ एक छोटे वाहन में दो लाउड स्पीकर से अधिक न बजाया जाये।

## पुलिस ने एक वांछित-तीन वारंटी दबोचे

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में पुलिस ने एक वांछित व तीन वारंटी दबोचे हैं। रविवार को दरोगा राहुल कुमार पाण्डेय ने दीवान शैलेन्द्र सिंह के साथ पॉक्सो एक्ट के वांछित राजन कुमार पुत्र सालिगराम इन्द्रानगर मजरा पश्चिम थाना सम्पूर्ण नगर जिला खीरी को गिरफ्तार किया। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने सिपाही सालिगराम के साथ वारंटी महेश प्रसाद पुत्र कोदूराम अनुरागी कालूपुर मजरा सरधुवा को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी ने सिपाही सालिगराम के साथ क्रिमिनल लॉ एमेंडमेन्ट एक्ट के वारंटी चिरौंजी पुत्र जीवनलाल, श्रीकेशन पुत्र जीवनलाल सरधुवा को गिरफ्तार किया।



मर्चरी में बैठे मृतक के परिजन।

## सर्पदंश से किशोर की मौत

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के डेलौरा गांव में किशोर की सर्पदंश से मौत हो गई। बच्चे की मौत से परिजनों में चींख-पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा। रविवार को ग्रामीणों ने बताया कि अमित खेत में काम कर रहा था, तभी उसे सांप ने काट लिया। गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टरों ने दो घंटे तक उसका इलाज किया। हालत बिगड़ने पर उसे सतना रेफर कर दिया। सतना अस्पताल पहुंचने पर अमित ने दम तोड़ दिया। अमित के पिता हरिमोहन ने बताया कि अमित दो बेटों में सबसे छोटा था। परिवार के हरिमोहन किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। हादसे के बाद गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा है।

## देवी पंडाल में प्रेम प्रसंग को लेकर चाकू बाजी

### प्रेमी से बात करने पर नाराज हुआ युवक, एक गंभीर घायल

अखंड भारत संदेश

**राजापुर/चित्रकूट।** जिले के राजापुर थाना क्षेत्र में एक देवी पंडाल में आरती दौरान प्रेम संबंध में दो गुटों में झगड़ा हो गया। बताया गया कि चार लड़के एक ही लड़की को लेकर आपस में भिड़ गये। घटना तब शुरू हुई जब युवती अपने पुराने प्रेमी के पास खड़ी हो गई।

जिसे देखकर दूसरे प्रेमी को गुस्सा आ गया। पहले बहस हुई, फिर मामला हाथापाई तक पहुंच गया। चाकू निकल आए।रविवार को झगड़े में लकी व एक नाबालिग साथी गंभीर रूप से घायल हो गये। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को बुलाया। घायलों को पहले स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। प्रेमी की



अस्पताल में भर्ती घायल।

हालत गंभीर होने से उसे जिला अस्पताल लाया गया। जहां उसे प्रयागराज रेफर किया गया। हमले के आरोपी आनंद प्रसाद, गौरव पांडे व कृष्णा रैकवार घटना के बाद फरार हो गए हैं। पुलिस उनकी तलाश कर रही है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि घटना के बाद देवी पंडाल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पूरा विवाद प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। पुलिस जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने के प्रयास में जुटी है।

## दीपावली मेले को योगी सरकार ने शुरु की तैयारियां, मप्र प्रशासन उदासीन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** दीपावली अमावस्या मेले में धर्मनगरी आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधा को मप्र प्रशासन पूरी तरह उदासीन है। सड़कों में बड़े-बड़े गड्ढे हैं। मेले को योगी सरकार ने रामघाट को चमकाने से लेकर तमाम यत्न शुरु कर दिए हैं, लेकिन एमपी सरकार की नींद नहीं टूट रही है।

रविवार को बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि मप्र सरकार धर्मनगरी के साथ सौतेला बर्ताव कर रहा है। दीपावली अमावस्या मेले में तकरीबन पचास लाख श्रद्धालु धर्मनगरी आयेंगे। तीर्थ क्षेत्र का बड़ा हिस्सा मप्र में आता है। मेले को लेकर कोई खास इंतजाम नहीं नजर आ रहे हैं। हनुमानधारा बाईपास मार्ग या सिरसा वन से लेकर मप्र बस अड्डा तक सड़क में गड्ढे ही गड्ढे हैं। मेले को लेकर रामघाट में कोई व्यवस्था की जा रही है। वहीं यूपी की योगी सरकार ने दीपावली मेले की तैयारियां युद्ध स्तर पर शुरु कर दी हैं। रामघाट को दूधिया रोशनी से नहलाने को नई लाइटें लगवाई जा रही हैं। तोरणद्वारों का निर्माण जारी है। तीर्थ यात्रियों को चैराहों का सुंदरीकरण व सांस्कृतिक दलों की प्रस्तुति की तैयारी है। सतना मुख्यालय से 75 किमी दूरी होने पर प्रशासन तीर्थ को लेकर कोई विशेष रूचि नहीं दिखाता। बुंदेली सेना ने मप्र मुख्यमंत्री मोहन यादव से दीपावली के पूर्व यात्री सुविधायें चाक चैबंद कराने की मांग की है।



बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह।

## संकल्प त्रिपाठी राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान वारंगल में बतौर जेआरएफ चयनित

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ ब्लाक के संकल्प त्रिपाठी ने देश के सर्वश्रेष्ठ राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान वारंगल में बतौर जेआरएफ चयनित होकर अपने माता-पिता का नहीं, पूरे नगर पंचायत मऊ का नाम रोशन किया है।

रविवार को मऊ ब्लाक के दिनेश तिवारी ने बताया कि पुत्र संकल्प त्रिपाठी ने इस वर्ष कानपुर के एक राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान से केमिकल ब्रांच से बीटेक की पढ़ाई पूरी की है। उन्होंने गेट क्वालीफाई कर नौकरी के बजाय रिसर्च का रास्ता चुना। वे रिसर्च से देश की सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने देश के टॉप राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान वारंगल में बतौर जूनियर रिसर्च फेलोशिप से रिसर्च को आवेदन किया। जिसमें वे कई बच्चों को पछाड़कर चयनित हुए। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान में वे प्रोफेसर की अगुवाई में एथाइल



छात्र संकल्प त्रिपाठी।

एसिटेट के उत्पादन को रेजिन आधारित उत्प्रेरक का मूल्यांकन/प्रदर्शन वृद्धि को अवसरों की जांच विषयक सामग्री पर शोध कार्य करेंगे। संकल्प बचपन से होनहार छात्र रहे हैं। संकल्प की प्रारंभिक शिक्षा मऊ के अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय हंडिया बाबा स्कूल एंड कॉलेज से हुई है। वे हाईस्कूल में टॉपर थे। इंटर की पढ़ाई नवोदय विद्यालय मानिकपुर में हुई है। उपलब्धि का श्रेय उन्होंने मां आनंदी माता व माता-पिता को दिया है। क्षेत्र के वरिष्ठ अधिवक्ता बार एसोसिएशन मऊ के पूर्व अध्यक्ष प्रफुल्ल चंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ पत्रकार अवधनरेश त्रिपाठी, पवन रस्तोगी, अमित पांडेय, विष्णु देव त्रिपाठी, सपा यूथ बिग्रेड प्रदेश सचिव अजय राज त्रिपाठी, नरेंद्र खरे, मंडल महामंत्री भाजपा राहुल श्रीवास्तव, श्री भागवत मंडल संस्कृत विद्यालय मऊ के प्रधानाचार्य आनंद राज त्रिपाठी, मोफिस पठान, शादाब गनी, अजय द्विवेदी, प्रशांत तिवारी, विकास द्विवेदी, विपुल पांडेय, हर्षित त्रिपाठी, अर्चित शुक्ला आदि ने बधाई देकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## ग्रामीणों की समस्याओं बाबत भीम आर्मी ने किया प्रदर्शन

### एसडीएम को राज्यपाल सम्बोधित सौंपा ज्ञापन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक संजय कुमार गौतम की अगुवाई में मऊ तहसील में ग्रामीणों की समस्याओं को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया। भीम आर्मी व आजाद समाज पार्टी ने एसडीएम को राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन सौंपा।रविवार को संजय कुमार गौतम ने बताया कि गढ़वा गांव में ग्रामीणों का शोषण हो रहा है। मनरेगा के तहत मजदूरों की मजदूरी साल भर से अटकी है। सरकारी जमीन पर भू-माफियाओं का कब्जा बढ़ता जा रहा है। किसानों के समतलीकरण के नाम पर लाखों का घोटाला हो रहा है। किसानों की स्थिति दयनीय है। धरने में शामिल नेताओं ने एकजुट होकर मांग किया कि मजदूरों की मजदूरी दी जाये। समतलीकरण के नाम पर धन का दुरुपयोग करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाये। भू-माफियाओं से सरकारी जमीन मुक्त कराई जाए। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी। धरना-प्रदर्शन में आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष कुंवर सिद्धार्थ, भीम आर्मी जिला महासचिव श्रीपाल प्रजापति व अन्य प्रमुख नेता मौजूद रहे।



प्रदर्शन करते भीम आर्मी के कार्यकर्ता।

## खम्भे का सपोर्टर छूने से युवक को लगा करंट, मौत


अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कोतवाली कर्वी के मौहुराई गांव में कुलदीप (28) की करंट लगने से मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में मातम छा गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमॉर्टम को मर्चरी भेजा। रविवार को ग्रामीणों ने बताया कि कुलदीप पुत्र आनंदी घर के दरवाजे पर खड़ा था। गलती से बिजली के खंभे के सपोर्टर को छू लिया, जिसमें करंट था। बिजली का झटका लगते ही कुलदीप झुलस गया। परिजन उसे एम्बुलेंस की मदद से जिला अस्पताल लाये। डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। कुलदीप की तीन साल पहले शादी हुई थी। उसका एक साल का बच्चा है। तीन भाइयों में सबसे छोटा होने से कुलदीप परिवार का लाडला था। वह खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना से गांव में शोक की लहर है।



मर्चरी में बैठे मृतक के परिजन।

# दक्षिण कोरिया: पूर्व राष्ट्रपति की बेटी पर नशे में गाड़ी चलाने का मामला दर्ज



**सोल। दक्षिण** कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति मून जे-इन की बेटी पर शनिवार को सोल में शराब पीकर गाड़ी चलाने का मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, मून दा-ह्ये जिस कार को चला रही थी वह सोल के योंगसान जिले में रात 2:51 बजे एक टैक्सी से टकरा गई। हादसे में टैक्सी ड्राइवर को मामूली चोटें आई हैं।
योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, दा-ह्ये के खून में अल्कोहल की मात्रा कथित तौर पर 0.14 प्रतिशत मापी गई। यह ड्राइवर लाइसेंस रिवोकेशन के लिए तय 0.08 प्रतिशत की सीमा से अधिक है।
5 अक्टूबर को 'जोंगआंग इल्बो' की एक रिपोर्ट के मुताबिक, सोल के योंगसन पुलिस स्टेशन में मून पर सड़क यातायात अधिनियम (नशे में गाड़ी चलाना) का उल्लंघन करने के आरोप में मामला दर्ज किया।
रिपोर्ट में कहा गया कि मून नशे की हालत में गाड़ी चला रह थी और लेन बदलते समय, वह अपने पीछे चल रही एक टैक्सी से टकरा गई। टक्कर से टैक्सी ड्राइवर मामूली रूप से घायल हुआ।
मून से 7 अक्टूबर की सुबह, योंगसान पुलिस स्टेशन में इस मामले को लेकर पूछताछ की जा सकती है।
मून के पिता 2017 से 2022 तक दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति पद रहे थे। योनहाप समाचार एजेंसी के मुताबिक सत्तारूढ़ पीपुल्स पावर पार्टी के सांसदों ने पूर्व राष्ट्रपति मून जे-इन की बेटी की आलोचना की। प्रतिनिधि किम जंग-क्योम ने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि मून दा-ह्ये को अपने पिता की बात सुननी चाहिए थी, जो पद पर रहते हुए कहते थे कि शराब पीकर गाड़ी चलाना हत्या के बराबर है।
अक्टूबर 2018 में, मून ने अपने वरिष्ठ सलाहकारों से कहा कि नशे में गाड़ी चलाने से संबंधित दुर्घटनाएं 'गलतियां नहीं' बल्कि ऐसी घटनाएं हैं जो 'मौत का कारण बन सकती है' या 'दूसरों के जीवन को पूरी तरह से नष्ट कर सकती हैं।'

# मालदीव के तेवर नरम, समझ आ गई भारत की अहमियत

**मालदीव/नई दिल्ली। मालदीव** के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू 6 से 10 अक्टूबर तक भारत की राजकीय यात्रा करेंगे। वह राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आधिकारिक निमंत्रण पर भारत आ रहे हैं। मुइज्जू की यह यात्रा बेहद मत्वपूर्ण है क्योंकि पिछले कुछ समय से भारत और मालदीव के रिश्ते उतार-चढ़ाव से भरे रहे हैं। पिछले साल नवंबर में मुइज्जू के सत्ता संभालने के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों को झटका लगा था। जल्द ही उन्होंने भारत से अपने सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने को कहा।
मुइज्जू ने भारतीय सैन्य कर्मियों की वापसी को बड़ा चुनावी मुद्दा बनाया था। इन सैनिकों की मौजूदगी मुइज्जू के नेतृत्व वाली मालदीव सरकार और नई दिल्ली के बीच विवाद का बड़ा कारण बन गई।
भारत ने 10 मई की समयसीमा से पहले द्वीप देश से अपने 80 से ज्यादा सैन्य कर्मियों को वापस बुला लिया। भारतीय सैनिक दो



हेलीकॉप्टर और डोर्नियर विमान का संचालन और रखरखाव करते थे। इन्हें भारत ने मालदीव को उपहार में दिया था।
मीडिया रिपोट्स के मुताबिक विदेश मंत्रालय ने कहा कि इन हेलीकॉप्टरों और विमानों का संचालन 'सक्षम भारतीय तकनीकी कर्मियों' द्वारा किया जाएगा, जो 'वर्तमान कर्मियों' का स्थान लेंगे।
भारतीय सैनिकों के मुद्दे के अलावा, मालदीव के साथ भारत के संबंधों पर तब असर पड़ा जब मालदीव के कुछ मंत्रियों ने पीएम मोदी के बारे में अपमानजनक टिप्पणी की। मुइज्जू सरकार ने दो जूनियर मंत्रियों को निलंबित करके स्थिति को संभालने की कोशिश की, लेकिन नुकसान हो चुका था। सोशल मीडिया यूजर्स ने ह्यमालदीव का बहिष्कारह्न अभियान शुरू कर दिया। कुछ भारतीय हस्तियों ने स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा देना भी शुरू कर दिया। विवाद के चलते मालदीव में भारतीय पर्यटकों की संख्या में भारी गिरावट देखी गई। मालदीव की अर्थव्यवस्था पर्यटन पर काफी हद तक निर्भर है। भारतीय पटर्यक, मालदीव टूरिज्म सेक्टर की कमाई के सबसे बड़े स्त्रोतों में से एक हैं। मुइज्जू की यात्रा का एजेंडा मालदीव में पर्यटन को बढ़ावा देना हो सकता है। द्वीप राष्ट्र पहले से ही अपने वेलकम इंडिया अभियान के जरिए भारतीय पर्यटकों को लुभाने की कोशिश कर रहा है। मुइज्जू को चीन समर्थक माना जाता है। राष्ट्रपति बनने के बाद वह चीन के दौरे पर गए भी थे लेकिन लगता है कि अब वह अपने देश के लिए भारत की अहमियत को समझ गए हैं।

## शिगात्से शहर में 301 नए सांस्कृतिक अवशेष स्थलों की खोज

**बीजिंग। शीत्सांग** (तिब्बत) स्वायत्त प्रदेश में सांस्कृतिक अवशेषों की चौथी राष्ट्रीय जनगणना दूसरे चरण में प्रवेश कर गई है। वर्तमान में इस स्वायत्त प्रदेश के दूसरे बड़े शहर के रूप में शिगात्से शहर में 18 काउंटियों में सांस्कृतिक अवशेषों की जनगणना लगातार प्रगति कर रही है। बताया गया है कि अब तक, 301 नए सांस्कृतिक अवशेष स्थलों की खोज की गई, जिनमें प्राचीन सांस्कृतिक स्थल, प्राचीन कब्रें, प्राचीन इमारतें, गुफा मंदिर, पत्थर की नक्काशी, महत्वपूर्ण आधुनिक और समकालीन ऐतिहासिक स्थल और प्रतिनिधि इमारतें आदि शामिल हैं। शिगात्से शहर के संस्कृति और पर्यटन ब्यूरो द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, अब तक, इस शहर ने 1,088 सांस्कृतिक अवशेष स्थलों का क्षेत्र सर्वेक्षण और डेटा संग्रह पूरा कर लिया है। उनमें से, तीसरी राष्ट्रीय जनगणना में 519 सांस्कृतिक अवशेष स्थलों की समीक्षा की गई।

# 'हार नहीं मानूंगा' - जहां हुआ था हमला, ट्रंप ने वहीं किया समर्थकों को संबोधित

**लेबनानः इजरायली** हमलों की वजह से 12 लाख लोग विस्थापित, हजारों ने ली सीरिया में शरणइराकी शिया मिलिशिया का इजरायली ठिकानों पर ड्रोन और मिसाइल हमले करने का दावा
न्यूयॉर्क। रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप शनिवार को पेन्सिलवेनिया के बटलर शहर में उस जगह पर गए जहां 12 सप्ताह पहले (13 जुलाई को) उनकी हत्या की कोशिश की गई थी। उन्होंने इसे एक 'पवित्र स्थान' बताया और कहा कि ईश्वर के हस्तक्षेप से वह बच गए। इस दौरान ट्रंप के साथ टेस्ला के मालिक एलन मस्क भी मौजूद थे।
पूर्व राष्ट्रपति ने बड़ी संख्या में मौजूद अपने समर्थकों को इस दौरान संबोधित भी किया। उन्होंने उन '16 भयावह सेकंड' को याद किया जब सीक्रेट सर्विस एजेंट्स ने उन्हें घेर लिया।
रिपब्लिकन उम्मीदवार ने कोरी कॉम्पेरेटोरे को श्रद्धांजलि दी, जिनकी इस हमले में मौत हो गई थी।
पूर्व राष्ट्रपति ने कहा, "मैं कभी हार नहीं मानूंगा, कभी झुकूंगा नहीं, कभी नहीं टूटूंगा, यहां तक कि मौत के सामने भी नहीं।"
ट्रंप के साथ मौजूद मस्क ने भी भाषण दिया। उन्होंने कहा कि अगर ट्रंप को जीतने में मदद करने के लिए वोटर मतदान नहीं करते हैं तो 'यह आखिरी चुनाव होगा।'
मस्क ने कहा, "स्वतंत्र अभिव्यक्ति लोकतंत्र की नींव है। लोकतंत्र के लिए जरूरी है कि आपके पास स्वतंत्र अभिव्यक्ति हो।" बता दें ट्विटर ने ट्रंप के अकाउंट पर बैन लगा दिया था जिसका



मस्क ने विरोध किया था बाद उन्होंने ट्विटर को खरीद लिया और इसे 'एक्स' नाम दिया।
इस हमले में ट्रंप के कान पर चोट लगी थी। वहीं संभावित हत्यारे, पेंसिल्वेनिया के बेथेल पार्क के 20 वर्षीय थॉमस क्रूक्स की एक सीक्रेट सर्विस स्नाइपर ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।
बटलर की गोलीबारी की घटना के कारण सीक्रेट सर्विस की व्यापक आलोचना हुई और इसके निदेशक को इस्तीफा देना पड़ा। आलोचकों ने इस बात पर चिंता जताई कि जहां से ट्रंप सीधे भाषण दे रहे थे वहीं पास की छत पर क्रूक्स कैसे पहुंच गया।
इस घटना के दो महीने बाद 15 सितंबर को फ्लोरिडा में ट्रंप पर एक बार फिर हमला हुआ। वेस्ट पाम बीच में ट्रंप इंटरनेशनल गोल्फ क्लब में यह घटना हुई। पूर्व राष्ट्रपति पर हमले के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया। यह तब हुआ जब सीक्रेट सर्विस एजेंट्स ने झाड़ियों में एक राइफल की नली देखी। हालांकि ट्रंप को इस दौरान कोई नुकसान नहीं पहुंचा।

# लेबनान से नागरिकों को सुरक्षित निकालने की कोशिशें

**हेग। लेबनान** से लोगों को सुरक्षित निकालने के अभियान के तहत दूसरी डच फ्लाइट आइंडहोवन शहर के एयरपोर्ट पर उतरी। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, प्लेन शनिवार को रात 9 बजे (स्थानीय समयानुसार) से ठीक पहले पहुंचा।
विमान में 170 यात्री सवार थे, जिनमें 100 से ज्यादा डच नागरिक थे। बाकी यात्री बेल्जियम, फ्रांस, ऑस्ट्रिया और स्पेन के नागरिक थे, जिन्हें उनकी संबंधित सरकारों के अनुरोध पर लाया गया। पिछली शाम को 100 से ज्यादा डच नागरिकों के साथ पहली डच फ्लाइट शहर में उतरी थी।
डच मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, इस समय लेबनान से डच लोगों को वापस लाने के लिए कोई और फ्लाइट निर्धारित नहीं है। हालांकि विदेश मंत्रालय ने इस हफ्ते की शुरूआत में कहा था कि कई सौ डच नागरिकों को निकाला जाएगा। डच सरकार ने मिलिट्री और कमर्शियल फ्लाइट्स के साथ-साथ अन्य देशों के साथ सहयोग करके लेबनान से नीदरलैंड लौटने के इच्छुक लोगों की मदद करने की प्रतिबद्धता जताई है।
इजरायली हमले झेल रहे लेबनान से विभिन्न देश अपने-अपने नागरिकों को सुरक्षित निकालने की कोशिशों में लगे हैं। शनिवार को ही



एक एयरक्राफ्ट लेबनान से 96 नागरिकों को लेकर दक्षिण कोरिया पहुंचा।
दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने बताया कि केसी-330 मिलिट्री ट्रांसपोर्ट प्लेन स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 12:50 बजे सेओंगनाम स्थित सोल एयर बेस पर उतरा।
अधिकारियों ने बताया कि एक लेबनानी नागरिक, जो एक दक्षिण कोरियाई नागरिक का पारिवारिक सदस्य है, प्लेन पर सवार था। सुरक्षित लाए गए लोगों में से 30 प्रतिशत से अधिक नाबालिग थे।
लेबनान में इजरायली एयर स्ट्राइक और जमीनी सैन्य अभियान जारी है। लेबनान में हालात काफी गंभीर होते जा रहे हैं। लाखों लोग विस्थापित हो गए हैं।
अलजजीरा की शनिवार की एक रिपोर्ट के मुताबिक लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि देश भर में इजरायल के हमलों में अब तक 2,000 से अधिक लोग मारे गए हैं, जिनमें 127 बच्चे और 261 महिलाएं शामिल हैं।
इजरायली हमलों के बाद से कई देशों ने अपने नागरिकों से लेबनान को तुरंत छोड़ देने की अपील की है।

# चीनी उद्यम निर्मित सर्बिया की गोर्नजी मिलानोवैक रिंग रोड यातायात के लिए खोली गई



**बीजिंग। सर्बिया** में एक चीनी कंपनी द्वारा निर्मित गोर्नजी मिलानोवैक रिंग रोड परियोजना का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। सर्बियाई राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक, सर्बिया में चीनी राजदूत ली मिंग, सर्बिया के निर्माण, परिवहन और बुनियादी ढांचे के मंत्री गोरान वेसिक आदि लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया।
राष्ट्रपति वुसिक ने रिंग रोड को यातायात के लिए खोलने पर बधाई देते हुए परियोजना के निर्माण में शामिल कर्मचारियों को उनके निरंतर प्रयासों और महत्वपूर्ण योगदान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इस रोड के पूरा होने से न केवल स्थानीय यातायात दबाव कम हुआ, बल्कि सर्बिया के क्षेत्रीय आर्थिक विकास के लिए भी यह बहुत महत्वपूर्ण है।
उन्होंने आशा व्यक्त की कि चीनी कंपनियां अपने प्रयास जारी रखेंगी और उच्च गुणवत्ता वाली परियोजना प्रदर्शन और निर्माण के माध्यम से सर्बियाई लोगों को अधिक लाभ पहुंचाएंगी।
वहीं, चीनी राजदूत ली मिंग ने कहा कि रिंग रोड परियोजना को यातायात के लिए खोलना सभी पक्षों के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है।
उन्होंने सर्बिया में चीनी वित्त पोषित उद्यमों की परियोजनाओं के निर्माण में दीर्घकालिक मजबूत समर्थन और विश्वास के लिए सर्बियाई सरकार का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि चीनी कंपनियां अधिक उत्साह के साथ चीन-सर्बिया सहयोग परियोजनाओं को लागू करेंगी और दोनों देशों की जनता की भलाई में सुधार के लिए नए योगदान देना जारी रखेंगी।
बता दें कि यह रिंग रोड परियोजना मध्य सर्बिया के गोर्नजी मिलानोवैक शहर में स्थित है, जिसका निर्माण जुलाई 2022 में आधिकारिक तौर पर शुरू हुआ और यह पिछले 30 वर्षों में इस शहर में सबसे बड़ी निर्माण परियोजना है।

# चीन सबसे व्यापक हाई-स्पीड रेल कवरेज वाला देश है : बरनामा के अध्यक्ष

**बीजिंग। मलेशिया** की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (बरनामा) के अध्यक्ष हुआंग चनवेइ ने हाल ही में कुआलालंपुर में सिन्हुआ समाचार एजेंसी को दिए विशेष साक्षात्कार में कहा कि चीन का विकास दिन गुना रात चौगुना हो रहा है, हर बार जब वह चीन जाते हैं तो उन्हें नए आश्चर्य और नए लाभ मिलते हैं।
उन्होंने भविष्य में चीन की अधिक सफलता और समृद्धि की शुभकामनाएं दी।
हुआंग चनवेइ बरनामा के इतिहास



में पहले चीनी मूल के अध्यक्ष हैं। 1994 में उन्होंने तत्कालीन मलेशियाई उप प्रधानमंत्री के साथ चीन की यात्रा की थी। हाल के वर्षों में, हुआंग ने कई बार चीन का दौरा किया है और चीन के तेजी से विकास और विभिन्न क्षेत्रों में मलेशिया और चीन के बीच सहयोग को लगातार गहरा होते देखा है।इस वर्ष मलेशिया और चीन के बीच राजनयिक सम्बंधों की स्थापना की 50वीं वर्षगांठ है। हुआंग चनवेइ के विचार में यह दोनों देशों के लिए बहुत सार्थक है। वर्तमान में चीन मलेशिया को वीजा-मुक्त प्रवेश सुविधा प्रदान करता है,
जिससे चीन जाना अधिक सुविधाजनक हो जाता है। इस वर्ष उनकी चीन यात्राओं में बड़ी वृद्धि हुई। हुआंग चनवेई ने यह भी कहा कि उन्होंने 80 से अधिक देशों का दौरा किया है ।

# यूरोपीय संघ के चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने के दृढ़ विरोध में कई पक्ष

**बीजिंग। यूरोप** के कई पक्षों ने यूरोपीय संघ द्वारा चीनी इलेक्ट्रिक वाहनों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाने का कड़ा विरोध किया। जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज और जर्मन वित्त मंत्री क्रिस्टियान लिंडनर ने यूरोपीय संघ द्वारा अतिरिक्त टैरिफ लगाए जाने का विरोध किया और कहा कि यूरोपीय आयोग को व्यापार संघर्ष शुरू नहीं करना चाहिए और वार्ता के माध्यम से समाधान खोजने की जरूरत है।
जर्मन ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष मुलर ने कहा कि यह "वैश्विक सहयोग से एक और कदम दूर है।" कई जर्मन ऑटोमोबाइल कंपनियों ने कहा कि अतिरिक्त टैरिफ लगाना गलत है और व्यापार संघर्षों में केवल नुकसान होता है।
हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओरबान और हंगरी के विदेश और विदेशी आर्थिक मामलों के मंत्री पीटर शिजार्तो ने यूरोपीय संघ के अतिरिक्त टैरिफ लगाने के कदम का "दृढ़ता से विरोध" करते हुए कहा कि यह यूरोपीय संघ की अपनी प्रतिस्पर्धात्मकता को केवल नुकसान पहुंचाएगा।

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
**सम्पादक**
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# ईरान ने किया गाजा और लेबनान में युद्ध विराम का समर्थन, इजरायल को दी चेतावनी

**दमिश्क । ईरान के** विदेश मंत्री सैय्यद अब्बास अराघची ने अपनी सीरिया यात्रा के दौरान जहां गाजा और लेबनान में युद्ध विराम का समर्थन किया वहीं इजरायल को चेतावनी दी कि उनका देश किसी भी हमले का जवाब देगा। उन्होंने कहा कि सभी परिस्थितियों में सीरिया के लिए ईरान का समर्थन जारी रहेगा।
समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, सीरिया की अपनी एक दिवसीय यात्रा के समापन पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में अराघची ने शनिवार कहा कि उनका देश विस्थापित लेबनानी शरणार्थियों को समर्थन देने के लिए सीरिया के साथ अपनी सहायता और समन्वय जारी रखेगा।
ईरान पर इजरायली हमले की संभावना पर, अराघची ने कहा, "किसी भी इजरायली हमले का जवाब दिया जाएगा। हमने अतीत में भी ऐसा किया है।"
अराघची ने जोर देकर कहा कि युद्ध विराम की कोई भी शर्त फिलिस्तीनियों और लेबनानी दोनों को स्वीकार्य होनी चाहिए।
सीरिया के साथ ईरान के संबंधों के बारे में पूछे जाने पर, अराघची ने दोनों देशों के बीच गहरी रणनीतिक साझेदारी पर प्रकाश डाला और कहा कि सभी परिस्थितियों में सीरिया के लिए ईरान का समर्थन जारी रहेगा।
यात्रा के दौरान ईरानी विदेश मंत्री ने सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद और सीरियाई प्रधानमंत्री मोहम्मद गाजी जलाली के साथ भी बैठक की। इस दौरान उन्होंने इजरायली सैन्य हमले से



बचकर भाग रहे लेबनानी परिवारों को मानवीय सहायता सुनिश्चित करने के लिए सहयोग पर चर्चा की।
ईरान की ओर से 1 अक्टूबर की रात इजरायल पर बड़ा मिसाइल अटैक किया गया। इजरायल के चैनल 13 टीवी समाचार के मुताबिक ईरान की ओर से कम से कम 200 जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलें दागी गईं, जिससे पूरे देश में सायरन बजने लगे और लाखों लोग शेलटर्स की ओर भागे।
ईरान का कहना है कि यह बमबारी हमास के राजनीतिक नेता इस्माइल हानिया, हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह और ईरानी रिवोल्यूशनरी गाड्र्स कॉर्प्स कमांडर ब्रिगेडियर जनरल अब्बास निलफोरुशन की हत्याओं के जवाब में की गई।
बता दें ईरान हमास और हिजबुल्लाह को खुलकर समर्थन देता आया है।
ईरानी हमले के कुछ घंटों बाद, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने सुरक्षा कैबिनेट की बैठक के दौरान कहा, "ईरान ने आज रात एक बड़ी गलती की है, और उसे इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी।"
इस बीच शुक्रवार को ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने इजरायल पर तेहरान के हमले की तारीफ की और इसे 'पूरी तरह से कानूनी और वैध कार्य' बताया। उन्होंने कहा कि ईरान समेत तमाम इस्लामिक देशों का दुश्मन एक है और सबको साथ आने की जरूरत है।
तेहरान की ग्रैंड मोसल्ला मस्जिद से शुक्रवार की नमाज का नेतृत्व करते हुए खामेनेई ने कहा, "दो या तीन रात पहले हमारे सशस्त्र बलों का शानदार काम पूरी तरह से कानूनी और वैध था।"